हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

बिना अनुमति लाउडस्पीकर, डीजे बजाया तो एक लाख तक जुर्माना और एक साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब बड़े- बड़े लाउडस्पीकर, डीजे वगैरह बजाकर शोर शराबा करने वालों की खैर नहीं। दरअसल, राज्य सरकार ने इसके लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 2026 बनाया है। इसके तहत अब ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने से पहले जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस कमिश्नर या सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति बजाने पर कड़ा अर्थदंड लगेगा। एक साल की सजा और उपकरण जब्त कर नीलाम कर दिया जाएगा। गृह एवं पुलिस विभाग द्वारा इस विधेयक के प्रारूप पर आम जनता, विशेषज्ञों और संबंधित पक्षों से 5 अक्टूबर 2026 तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।

कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 2026 का प्रारूप जारी

शांत क्षेत्र के 100 मीटर में नहीं बजा सकते

अधिनियम के प्रारूप में शांति क्षेत्र को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों, न्यायालयों, केंद्र या राज्य सरकार तथा स्थानीय निकायों के कार्यालयों की 100 मीटर की परिधि को शांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस आयुक्त लोक आदेश द्वारा अन्य क्षेत्रों को भी इस श्रेणी में अधिसूचित कर सकते हैं। विधेयक के अनुसार प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक का समय 'दिन का समय' तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6बजे तक का समय 'रात्रि का समय' माना गया है।

उल्लंघन पर कड़े दंड, जुर्माना और जब्ती के प्रावधान

पहली बार नियम तोड़ने पर पहली बार दोषी पाए जाने पर कारावास (जो कुछ महीनों तक हो सकती है) या कम से कम 50 हजार रुपये का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। यदि यह अपराध किसी शांत क्षेत्र में किया जाता है, तो सजा 1 वर्ष तक और न्यूनतम जुर्माना 75हजार रुपये तक हो सकता है। दोबारा दोषी पाए जाने पर 3 माह से 1 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 1 लाख रुपये का जुर्माना होगा। शांत क्षेत्र में अपराध दोहराने पर सजा 6 माह से 2 वर्ष और न्यूनतम 1 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना तय किया गया है। इसके साथ ही, आपूर्तिकर्ता का पंजीयन स्थायी रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।

लागू होगा ये कड़े नियम

किसी भी सार्वजनिक स्थान पर सक्षम प्राधिकारी (जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी) की अनुमति के बिना ध्वनि प्रवर्धन यंत्रों का उपयोग और कोलाहल उत्पन्न करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ध्वनि प्रवर्धन यंत्रों का विनिर्माण, विक्रय या आपूर्ति करने वाले प्रत्येक व्यक्ति या संस्था के लिए स्थानीय पुलिस सत्यापन के साथ विनिर्दिष्ट कार्यालय में पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। आपूर्तिकर्ता बिना वैध अनुमति प्राप्त कर्ता या बिना ध्वनि तीव्रता मापने वाले उपकरण (साउंड मीटर) के किसी को साउंड सिस्टम किराए पर नहीं दे सकेंगे।

रैली, कार्यक्रम उत्सव के लिए 6 घंटे की अनुमति

विशेष रैलियों, कार्यक्रमों या उत्सवों के लिए सक्षम प्राधिकारी दिन के समय अधिकतम 6 घंटे के लिए ध्वनि यंत्रों के उपयोग की अनुमति दे सकते हैं। कैलेण्डर वर्ष में कुल 15 दिन से अनधिक अवधि के लिए रात्रि में मध्यरात्रि तक रियायत दी जा सकती है, लेकिन शांत क्षेत्रों में ध्वनि प्रवर्धन यंत्रों के उपयोग की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

झीरम के 27 फरार गुनहगारों में मुख्यधारा में लौट चुके14, मुठभेड़ में 9 मारे जा चुके, 4 की तलाश

एनआईए की विशेष कोर्ट ने झीरमकांड में 10 आरोपियों को मृत्युदण्ड की सजा सुनाई है। बचे 27 फरार आरोपियों में से 9 को सुरक्षाबलों ने अलग अलग राज्यों में मुठभेड़ में मार गिराया है। जबकि शीर्ष नक्सल लीडर देवजी व देवा समेत 14 माओवादी समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। बचे चार नक्सलियों की तलाश की जा रही है। समर्पित व फरार नक्सलियों के खिलाफ एनआईए कोर्ट ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कानूनी जंग और फैसले पर हरिभूमि लगातार...

एनआईए कोर्ट ने जिन 27 नक्सलियों को फरार घोषित किया है इनमें सोमा सोढ़ी उर्फ सुरेन्द्र उर्फ सुरिन्दर, बारसे सुक्का उर्फ देवाउर्फ देवन्ना, सप्पो हुंगा उर्फ विनोद, जयलाल मण्डावी, कुम्मे मोडियाम, पिप्पीरी तिरूपति उर्फ देवजी, पाका हनुमंथ उर्फ गणेश उईके, वैुगुला अरूणा उर्फ माधवी उर्फ माधवक्का, मोडियम रमेश उर्फ लच्छु, तेलाम आयतु उर्फ आयतु डोड़ी, गीता पुनेम उर्फ गीता पोटाम, मंगली कोसा, मड्डा मड़कामी, सन्नु वेट्टी, भगत हेमला उर्फ बदरू, कामेश कवासी, कोरसा सन्नी उर्फ सन्नी कोरसाम, कोरसा सन्नु, सोमी पोट्टाम उर्फ सोनी पोट्टाम, कुरसाम सन्नी उर्फ कोसी उर्फ लच्छी, लक्खू पुनेम उर्फ गंगा पुनेम, कोरसा लक्खू, बदरू मोडियाम उर्फ मंगतु, सरिता काकेम उर्फ मिटकी, कुम्मा गोंदे उर्फ गुड्डु, हेमला मासा उर्फ संजय, तथा कवासी बदरू उर्फ सुखराम उर्फ गद्दाम बदरू शामिल है। फरार नक्सलियों में शामिल शीर्ष नक्सली लीडर देवजी व देवा तेलगांना में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं जबकि तेलगांना में ही गणेश उईके को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। फरार आरोपियों में तीन देवजी, गणेश उइके और वैुगुला अरूणा उर्फ माधवी उर्फ माधवक्का आंध्रपदेश के हैं बाकी सभी छत्तीसगढ़ के हैं।

एनआईए की जांच सटीक, जेब में सबूत रखने वाले कर रहे राजनीति-विजय शर्मा

बस्तर प्रवास पर पहुंचे गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि झीरम नरसहांर मामले में कुल 39 को नामजद आरोपी बनाया गया है। इनमें 9 मुठभेड़ में मारे जा चुके थे। वहीं गिरफ्तार 11 आरोपियों पर ट्रायल चल रहा था जिनमें एक की मौत हो चुकी है और 10 पर निर्णय आया है। झीरम घटना में शामिल 14 पुनर्वासित हैं। विजय शर्मा ने कहा कि एनआईए की जांच इतना सटीक है जिस पर अनावश्यक रूप से राजनीति करने की कोशिश की जा रही है। एनआईए की जांच के आधार पर एनआईए की कोर्ट ने छतीसगढ़ में न्यायिक इतिहास का सबसे बड़ा फैसला सुनाया है। कांग्रेस के आरोप पर गृहमंत्री ने कहा कि जिसकी जेब में झीरम के सबूत थे और जिन्होने पांच वर्ष सरकार चलाई उसके बाद भी कोई सबूत नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज भी इस फैसले के बाद मैं कह रहा हूं कि जांच एजेंसियों के समक्ष अपना विषय रखने का आप्शन खुला हुआ हैष उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वो चाय की दुकान पर पान की दुकान पर चौक चौराहों पर बात करते हैं। वे करें इससे हमें गुरेज नहीं है, लेकिन जहां पर कहना है वहां जाकर अपनी बात कहें क्यों नहीं कह रहे हैं।

हॉस्टल के बाहर कोयले से 'क्रॉस चिन्ह' बनाता था छात्र, तंत्र-मंत्र का आरोप, स्कूल ने थमाई टीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मामला सड्डू स्थित शासकीय प्रयास विद्यालय का, बाल आयोग में शिकायत

खास खबर

राजधानी के सड्डू स्थित प्रयास विद्यालय से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के नवमी कक्षा के एक छात्र पर तंत्र-मंत्र का आरोप लगाते हुए शाला प्रबंधन ने टीसी पकड़ा दी। मामले के बाल आयोग पहुंचने के बाद छात्र का दाखिला पुनः स्कूल में कर दिया गया है और अब जांच बैठा दी गई है।

जिले में कक्षा 9वीं के छात्र को विद्यालय से टीसी देकर बाहर किए जाने से संबंधित मामला छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के संज्ञान में आया। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, छात्र के संदर्भ में सहपाठियों द्वारा शिकायत ▶▶|शेष पेज 6 पर

आरोप की पुष्टि नहीं

मामले को लेकर बच्चे के पालक की ओर से आवेदन में आरोप लगाया गया है कि छात्र को विद्यालय से निष्कासित करते हुए टीसी जारी की गई। साथ ही यह बात भी सामने आई है कि छात्र के तंत्र क्रिया में संलिप्त होने के कथित आरोप के चलते उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। हालांकि, तंत्र क्रिया में संलिप्तता संबंधी आरोप की कोई पुष्टि नहीं हुई है। प्राप्त आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि छात्र के पालक को समुचित जानकारी दिए बिना उसे कक्षा से बाहर कर टीसी प्रदान की गई, जिस पर पालक द्वारा विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उचित जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन का अवलोकन करने के पश्चात आयोग अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 6 पर

निठारी कांड के आरोपी रहे कोली ने लगाई फांसी

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

निठारी कांड के आरोपी रहे सुरेंद्र कोली का शव शुक्रवार को हरिद्वार के भूपतवाला में उसकी चाय की दुकान में फांसी पर लटका मिला। वह पिछले कुछ महीनों से नाम बदलकर हरिद्वार में रह रहा था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक उसने कथित तौर पर आत्महत्या की है, हालांकि पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है। करीब 19 साल जेल में रहने के बाद नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट से आखिरी मामले में बरी होकर वह जेल से बाहर आया था। नोएडा ▶▶|शेष पेज 6 पर

2006 का है मामला

29 दिसंबर 2006 को मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से मानव अवशेष मिलने के बाद पूरे देश में सनसनी फैल गई थी। इसके बाद सीबीआई ने मामले की जांच की और कोली के खिलाफ कई केस चले। कोली को निठारी से जुड़े 13 मामलों में मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मामलों में उसे बरी कर दिया।

पीएम मोदी आज बांटेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को रोजगार मेला कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नव-चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश के 45 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

आतंकी ट्रेनिंग : अमेरिकी नागरिक को बेल

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने म्यांमार में जातीय सशस्त्र समूहों को हथियार और ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग देने के आरोप में गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक को डिफॉल्ट जमानत दे दी है। वैनडाइक समेत सात विदेशी नागरिकों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मार्च 2026 में गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने एक लाख रुपये के बेल बॉन्ड और इतनी ही राशि की श्योरिटी पर वैनडाइक को जमानत दी है।

ऑस्कर: मराठी फिल्म 'गोंधल' भारत की ऑफिशियल एंट्री

मुंबई। मराठी थ्रिलर फिल्म 'गोंधल' (गोंधळ) को ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है। एफएफआई ने शुक्रवार, 18 सितंबर को इसका ऐलान किया। इस दौड़ में नागा भाषा की फिल्म 'अंग' और तमिल फिल्म 'डोरोथी' भी शामिल थीं। संतोष डावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल', 99वें अकादमी अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने वेतनमान संशोधन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

- कृषि विभाग के कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य पारिश्रमिक बढ़ोतरी का मामला

कृषि विभाग के कर्मचारियों के वेतन और अन्य पारिश्रमिक में बढ़ोतरी की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। संदीप लकड़ा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया समेत 100 से अधिक याचिकाओं के संयुक्त बैच पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को वेतनमान में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किए जाने संबंधी जानकारी दी है।

राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं के वेतनमान में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास की कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में कृषि संचालक जिला रायपुर राहुल देव वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुए। सुनवाई दौरान वेतन और पारिश्रमिक में वृद्धि के मुद्दे पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ताओं के वेतनमान में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास ने सरकार को निर्देश दिया कि वेतनमान में संशोधन के प्रस्ताव का विस्तृत विवरण कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। प्रस्ताव को लिखित रूप में दाखिल करना होगा ताकि यह स्पष्ट हो सकें कि किस तरह का संशोधन किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं के वेतनमान में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में विस्तृत प्रस्ताव 5 अक्टूबर 2026 तक कोर्ट में दाखिल किया जाए। इससे अगली सुनवाई में यह स्पष्ट होगा कि सरकार वेतनमान में किस तरह का संशोधन प्रस्तावित कर रही है और उसका लाभ किन कर्मचारियों को किस आधार पर दिया जाना है। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि इन याचिकाओं के अलावा सात अन्य मामले भी इसी मुद्दे से संबंधित हैं। हालांकि ये सात मामले वर्तमान बैच के साथ इसी बेंच को आवंटित नहीं किए गए हैं। इस पर हाईकोर्ट ने इन सातों मामलों को उचित आदेश के लिए चीफ जस्टिस के समक्ष रखने का निर्देश दिया है ताकि इनकी लिस्टिंग के संबंध में निर्णय लिया जा सकें। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले राज्य सरकार को अपने वेतन संशोधन प्रस्ताव का विस्तृत स्वरूप कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। सरकार का पक्ष और विस्तृत प्रस्ताव देखने के बाद ही कोर्ट इस मामले में आगे का निर्णय लेगा।

बिना अनुमति व्यवसायिक निर्माण पर एक्शन

रायपुर। जोन 5 की टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित गोलचौक मार्ग में मानसरोवर भवन के स्वामी द्वारा तृतीय तल पर बिना अनुमति किये जा रहे अनाधिकृत व्यवसायिक निर्माण को जेसीबी से हटाया। संबंधित स्थल से सेंटरिंग होम वर्क सरिया बल्ली एवं अन्य निर्माण सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार स्थल पर की गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर इन दिनों नगर निगम के सभी दस जोनों में बिना अनुमति अनाधिकृत निर्माण और नक्शा स्वीकृति के विपरीत हुए निर्माण को सूचीबद्ध कर जोन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

सेवा संकल्प बाइक यात्रा 28 को छत्तीसगढ़ में करेगी प्रवेश, 18 जिलों से गुजरेगी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक दिन पहले 20 दिवसीय जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर (गुजरात) से लेकर उनकी कर्मभूमि काशी (वाराणसी) के बीच निकाली गई है। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ भारतीय जनता युवा मोर्चा के 60 युवाओं को काशी से निकली यात्रा का जिम्मा मिला है। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया, यात्रा छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से होकर गुजरेगी। जिस जिले से भी यात्रा गुजरेगी, उस जिले के भी 300 से 400 कार्यकर्ता बाइक यात्रा में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में चार अलग-अलग यात्राएं अलग-अलग जिलों से होकर गुजरेंगी।

यात्रा में 10 ग्रुप वडनगर से काशी की ओर निकले हैं। इसी तरह से 10 ग्रुप काशी से वडनगर की ओर रवाना हुए हैं। इस प्रकार कुल 20 अलग-अलग रूट्स पर यात्रा प्रारंभ की गई है। यह यात्रा देश के 10 प्रमुख राज्यों गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखण्ड और बिहार से होकर गुजरेगी। कुल मिलाकर यह अभियान 193 जिलों, 773 तहसीलों और 1,159 गांवों तक पहुंचकर जन-जन को सेवा के सूत्र में जोड़ेगा। श्री टिकरिहा ने बताया, छत्तीसगढ़ के 18 राजस्व व 21 संगठन जिलों से यह यात्रा गुजरेगी।

पहली यात्रा 28 को प्रदेश में पहुंचेगी

यात्राओं के लिए जो ग्रुप बनाए गए हैं, उसमें से चार ग्रुप छत्तीसगढ़ के जिलों से होकर गुजरेंगे। सबसे पहली यात्रा 28 सितंबर की शाम को राजनांदगांव जिले से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। यह यात्रा राजनांदगांव में भ्रमण करते हुए 29 सितंबर को दुर्ग जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद यात्रा रायपुर से होते हुए सिलतरा पहुंचेगी और यहां पर रात्रि विश्राम के बाद 30 सितंबर को सिमगा, नांदघाट होते हुए बिलासपुर जिले के बोदरी पहुंचेगी। बोदरी से 1 अक्टूबर को यात्रा प्रारंभ होकर जांजगीर-चांपा के बलौदा होते हुए धरमजयगढ़ में रात को रुकेगी। 2 अक्टूबर को यात्रा धरमजयगढ़ से प्रारंभ होकर कुनकुरी होते हुए जशपुर नगर पहुंचेगी और यहां पर रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद यात्रा छत्तीसगढ़ से चली जाएगी।

दूसरी यात्रा 29 को प्रवेश करेगी

प्रदेश में दूसरी यात्रा का 29 सितंबर को बोडला से प्रवेश होगा। इस यात्रा का पंडरिया में रात्रि विश्राम होगा। 30 सितंबर को यात्रा कबीरधाम जिले का भ्रमण करते हुए 1 अक्टूबर को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में प्रवेश करेगी और कोरबा जिले तक जाएगी। 2 अक्टूबर को यात्रा कोरबा जिले से होते हुए सरगुजा जिले में पहुंचेगी। 3 अक्टूबर को यात्रा सरगुजा के साथ सूरजपुर और बलरामपुर जिले का भ्रमण करेगी। 4 अक्टूबर को यात्रा बलरामपुर से रवाना होकर छत्तीसगढ़ से चली जाएगी।

तीसरी और चौथी यात्रा

तीसरी यात्रा 2 अक्टूबर को मनेंद्रगढ़ से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। 2 और 3 अक्टूबर को मनेंद्रगढ़ जिले में भ्रमण करते हुए यात्रा कोरिया जिले से होते हुए सूरजपुर पहुंचेगी। सूरजपुर से 4 अक्टूबर को बलरामपुर होते हुए यात्रा छत्तीसगढ़ से चली जाएगी। चौथी यात्रा जनकपुर से छतीसगढ़ में 1 अक्टूबर को प्रवेश करेगी और रात्रि विश्राम के बाद 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ से रवाना हो जाएगी। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली चारों यात्राओं के दौरान लाभार्थी सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेवा सम्मेलन, युवा संवाद जैसे कार्यक्रम होंगे।

प्रदेश के युवा पांच राज्यों की करेंगे यात्रा

भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया, प्रदेश के जो युवा काशी से निकली यात्रा में शामिल हैं, वह ग्रुप उप्र, मप्र, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात की यात्रा करेगा। छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से गुजरने वाले चार ग्रुप की यात्रा में प्रदेश के युवा कार्यकर्ता शामिल नहीं होंगे। श्री टिकरिहा के मुताबिक, राष्ट्रीय संगठन ने जिन राज्यों के युवा यात्रा में शामिल हो रहे हैं, उनको दूसरे राज्यों से गुजरने वाले ग्रुप में स्थान दिया है। छत्तीसगढ़ में जो चार ग्रुप यात्रा करेंगे, उनमें भी दूसरे राज्यों के ही भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

हाईकोर्ट से नीट यूजी प्रवेश में डोमिसाइल सत्यापन के दौरान क्रास वेरिफिकेशन की मांग, याचिका खारिज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में नीट यूजी 2026 की राज्य कोटा काउंसिलिंग में मूल निवासी अभ्यर्थियों की पात्रता और दस्तावेज सत्यापन को लेकर दायर 11 अभ्यर्थियों की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

बिलासपुर निवासी दिनेश पटेल समेत 11 अभ्यर्थियों ने राज्य कोटा की सीटों के लिए अलग मूल निवासी सूची जारी करने और डोमिसाइल दस्तावेजों के क्रास-वेरिफिकेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की थी। जस्टिस पीपी साहू व जस्टिस सुषमा सावंत की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ताओं की ओर से गड़बड़ी के समर्थन में पर्याप्त ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पूर्व वर्षो की प्रक्रिया की तुलना में इस बार राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों की अलग पात्रता सूची प्रकाशित नहीं की गई है। उनका कहना था कि राज्य कोटा की सीमित मेडिकल सीटों पर प्रवेश के लिए डोमिसाइल प्रमाण पत्रों का उचित सत्यापन जरूरी है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में आशंका जताई थी कि कुछ अभ्यर्थियों के पास एक से अधिक राज्यों के निवास प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेजी विसंगतियां हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में वास्तविक पात्र अभ्यर्थियों के अधिकार प्रभावित होने की आशंका जताई थी।

11 अभ्यर्थियों ने दायर की थी याचिका

सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता आनंद दादरिया ने काउंसिलिंग प्रक्रिया को लेकर पक्ष रखा। कोर्ट को बताया कि नीट यूजी 2026 में प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित की जा रही है। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं की आशंकाओं और उपलब्ध रिकार्ड पर विचार किया। कोर्ट के समक्ष ऐसे ठोस दस्तावेज या प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए जा सकें, जिनमें राज्य कोटा की काउंसिलिंग में वास्तविक स्तर पर डोमिसाइल संबंधी गड़बड़ साबित होती हो। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं द्वारा याचिका में मांगी गई राहत देने से इनकार करते हुए इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि यदि बाद में किसी अभ्यर्थी के गलत तथ्य फर्जी दस्तावेज या पात्रता संबंधी अनियमितता के ठोस प्रमाण सामने आते हैं तो संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई का रास्ता खुला रहेगा।

काउंसिलिंग एवं प्रवेश नियमों में गलत जानकारी फर्जी दस्तावेज या महत्वपूर्ण तथ्य छिपाकर प्रवेश प्राप्त करने की स्थिति में प्रवेश निरस्त करने का प्रावधान है। ऐसे मामलों में संबंधित सक्षम प्राधिकारी नियमों के अनुसार कार्रवाई कर सकता है।

खबर संक्षेप

राहगीर की सतर्कता से आधे घंटे के भीतर दबोचे गए तीन लुटेरे

रायपुर। राहगीर की सतर्कता से ट्रैफिक पुलिस ने एक अन्य राहगीर से मोबाइल-पर्स लूटकर भाग रहे तीन बदमाशों को रायपुरा चौक के पास घेराबंदी कर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। बगैर नंबर प्लेट के ऑटो सवार बदमाशों ने शुक्रवार को लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश जब घटना को अंजाम दे रहे थे। इस दौरान एक राहगीर ने पूरी घटना देख ली। इसके बाद उस राहगीर ने घटना की जानकारी रायपुरा चौक पर ड्यूटी पर तैनात यातायात स्टाफ को दी। लूट की घटना संतोषी नगर चौक के पास हुई थी। लूट के आरोप में पुलिस ने शंभू लाल, राकेश तथा लक्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, रायपुरा चौक पर तैनात ट्रैफिक स्टाफ को राहगीर के साथ लूट की सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस ने बगैर नंबर के ऑटो को रोकने की कोशिश की। इस दौरान ऑटो चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय स्पीड बढ़ा दी और भागने लगा। इस पर ट्रैफिक पुलिस स्टाफ ने बिना समय गंवाए तत्काल पेट्रोलिंग वाहन से ऑटो का पीछा करना शुरू किया।

होटलों में प्रति प्लेट सब्जी के दाम भी 20 से 30 रुपए बढ़े

घरों के साथ होटलों की खाने की थाली पर भी महंगाई की मार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार रसोई के सामान महंगे होते जा रहे हैं। इसका असर जहां घरों की थाली पर पड़ रहा है, वहीं होटलों की थाली भी महंगी हो गई है। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेशभर में होटल और कैटरिंग वालों ने जहां थाली के दाम में दो से तीन सौ रुपए का इजाफा कर दिया है, वहीं रोटी को छोड़कर सब्जियों के दाम में भी 20 से 30 रुपए प्रति प्लेट में इजाफा किया गया है।

रसोई गैस, खाद्य तेल, घी, चावल, दाल, मसाले, प्याज, लहसुन से लेकर सब्जियों के दामों में आग लगी हुई है। कभी भी किसी भी सामान के दाम बढ़ जाते हैं। सब्जियों में कभी टमाटर की कीमत लाल हो जाती है तो कभी धनिया दो सौ रुपए के पार हो जाता है। ऐसा होने का सबसे बड़ा असर खाने की थाली पर पड़ रहा है। रसोई के सामानों के दाम बढ़ने के कारण आम आदमी का बजट भी लगातार बिगड़ रहा है। पहले एक चार सदस्यों वाले छोटे परिवार के घर का राशन पांच से छह हजार में आ जाता था, लेकिन अब यह बजट बढ़कर सात से आठ हजार हो गया है। हर माह किसी न किसी सामान के दाम बढ़ने के कारण हर माह का बजट भी बिगड़ जाता है। किसी माह के लिए आम आदमी अगर

सात हजार का बजट रखता है तो मालूम होता है कि कुछ सामानों में इजाफा होने के कारण बजट पांच से छह सौ रुपए ज्यादा हो गया है। होटलों के साथ ही शादियों में भी खाने की थाली महंगी हो गई है। कैटरिंग का काम करने वालों के मुताबिक पहले जो थाली 400 से 450 रुपए में देते थे, उसके दाम अब 700 रुपए हो गए हैं। 700 वाली थाली के दाम 900 रुपए और 12 सौ वाली थाली के दाम 14 सौ रुपए हो गए हैं। 16 से 17 सौ वाली थाली के दाम 2000 हो गए हैं। इसी तरह से होटलों में जो थाली पहले 150 से 160 रुपए में मिलती थी उसके दाम 200 रुपए हो गए हैं। दो सौ रुपए वाली थाली के दाम 250 और तीन सौ वाली थाली के दाम 350 से 400 रुपए हो गए हैं। अलग-अलग होटलों में उनके मीनू के हिसाब से थाली के दाम रहते हैं। बड़े होटलों में 800 से 1000 रुपए तक की थाली है। होटलों में एक प्लेट सब्जी के दाम 20 से 30 रुपए बढ़ाए गए हैं। जो दाल फ्राई पहले 170 से 180 रुपए प्लेट थी, उसके दाम 200 रुपए हो गए हैं। पनीर की सब्जी के दाम 300 से बढ़कर 330 रुपए, 350 से बढ़कर 380 रुपए, मिक्स वेज सब्जी के दाम 200 से बढ़कर 230 रुपए, चना मसाला 170 से बढ़कर 200 रुपए, मशरूम 300 रुपए से बढ़कर 330 रुपए, चिकन करी 240 रुपए से बढ़कर 280 रुपए, मटन करी के 400 रुपए से बढ़कर 450 रुपए प्लेट हो गई है। चिकन बिरयानी के दाम में भी 20 से 30 रुपए का इजाफा हुआ है। अलग-अलग होटलों के दाम अलग-अलग है, लेकिन सभी ने अपनी सब्जियों के दाम में 20 से 30 रुपए का इजाफा किया है।

रेट में थोड़ा ही इजाफा

जिस तरह से रसोई के सामानों के दाम बढ़े हैं, उसके मुकाबले में होटलों में दाम में बहुत कम 20 से 30 रुपए का ही इजाफा प्रति प्लेट पर किया गया है। प्रतिस्पर्धा ज्यादा होने और स्टाफ का खर्च निकलने के कारण दाम ज्यादा बढ़ाना संभव भी नहीं है।

सागर गुलाटी, छत्तीसगढ़ रेस्टोरेंट एंड कैफे एसोसिएशन

आंबेडकर अस्पताल में हृदय सहित अन्य रोगियों को मिल रहीं आधुनिक दवाएं

हार्ट अटैक के उपचार में लगने वाला 40 हजार महंगा इंजेक्शन सरकारी अस्पताल में मरीजों को निशुल्क

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

हार्ट अटैक के इलाज के दौरान लगाया जाने वाला 40 हजार रुपए का टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को निशुल्क मिल रहा है। इसके अलावा हार्ट के साथ अन्य विभाग के मरीजों को आधुनिक तरीके की दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मरीजों की आवश्यकताओं एवं महंगे इलाज को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर विभिन्न तरह के महंगी दवाईयां आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को मुहैया कराई जा रही हैं। आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि हृदय रोग के उपचार संबंधी दवाओं में टिकैग्रिलोर 90 मिलीग्राम की गोली, टेनेक्टेप्लेस (टीएनके-टीपीए) इंजेक्शन, व्यामाडा गोली, एजेटिमाइब गोली, मावाकैम्टेन गोली, सरोग्लिटाजार गोली, इवोलोकुमैब (रिपाथा) इंजेक्शन, सेमाग्लूटाइड गोली तथा न्यूमोकोकल वैक्सीन इंजेक्शन शामिल हैं। इनमें से कई दवाओं की बाजार कीमत सामान्य दवाओं की तुलना में काफी अधिक है। टिकैग्रिलोर 90 मिलीग्राम, इवोलोकुमैब, टेनेक्टेप्लेस की कीमत 35 से 40 हजार है। इसी तरह मावा कैम्टेन लगभग 21 से 22 हजार और अन्य विशेष दवाओं की कीमतें भी ब्रांड, डोज और पैक-साइज के अनुसार अलग-अलग होती हैं। हार्ट अटैक के मरीजों में समय पर आवश्यक दवा उपलब्ध होना उपचार प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अस्पताल में ऐसी दवाओं की उपलब्धता से आपातकालीन उपचार के दौरान दवा के लिए बाहरी निर्भरता नहीं के बराबर रहती है। इससे गंभीर हृदय रोगियों को उपचार के दौरान आवश्यक दवाओं के लिए बाहर से खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं होती और परिवार पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम होता है।

इनका कहना है

0 स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि एसीआई के कार्डियोलॉजी विभाग में आधुनिक एवं जीवनरक्षक दवाओं की निशुल्क उपलब्धता राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसका लाभ गंभीर हृदय रोगियों को मिल रहा है।

0 पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी के अनुसार, अस्पताल में उपलब्ध इन दवाओं में कई ऐसी हैं, जिनकी बाजार कीमत काफी अधिक है। ऐसे में सरकारी अस्पताल में इनकी निशुल्क उपलब्धता मरीजों के लिए बड़ी राहत है।

0 आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अन्य मरीजों के साथ, विशेषकर हार्ट अटैक, गंभीर संक्रमण, रक्त के थक्के तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक दवाओं की अस्पताल में उपलब्धता से मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों को सिर पर पक्का छांव तो दे ही रहा है, हाथी प्रभावित गांवों में लोगों की जान भी बचा रहा है। ऐसा नहीं है कि गांव में सभी के पक्के मकान है, जिनके कच्चे घर हैं वे पीएम आवास की छतों का सहारा ले रहे हैं, जिससे हाथियों के उत्पात से उन्हें शारीरिक क्षति नहीं हो रही है।

घूम रहा हाथियों का दल...जान बचाने पीएम आवास की छत पर बनाया पॉलीथिन का मचान

हसन खान ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि सरोकार

वे अपना कीमती सामान लिए पक्की छतों में गुजारा करते हैं। दरअसल हाथियों के दल करीब सप्ताह भर से क्षेत्र में घूम रहे हैं और फसल के साथ ग्रामीणों के कच्चे मकानों को तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर रहे हैं। गरियाबंद जिले के सुदूर आदिवासी ▶▶|शेष पेज 6 पर

पखवाड़ेभर में सैकड़ों एकड़ धान,मक्का, दलहन-तिलहन की फसल को किया गज-दल ने किया चौपट

हाथी के हमले से कई लोगों की हो चुकी है मौत

आज से कुछ वर्ष पहले इन ग्रामों में कच्चे झोपड़ीनुमा मकान होने के कारण हाथियों का दल गांव के भीतर प्रवेश कर आसानी से मकान को तोड़ देते थे और घरों में रखे राशन सामाग्री को खा जाते थे। साथ ही हाथियों के हमले से कई लोग जान भी गंवा चुके हैं।

बिना पीएम आवास वाले पक्के मकानों की छतों पर लेते हैं शरण

हाथी प्रभावित इन ग्रामों के कई परिवारों को आज भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ नही मिला है। ऐसे परिवार हाथियों के दल के गांव में आने से पहले पक्के मकानों के ऊपर पॉलीथिन और बांस के सहारे बनी झोपड़ियों में आश्रय लेते हैं और रात गुजारते हैं।

क्या कहते हैं वन परिक्षेत्र अधिकारी

वन परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर आर के साहू ने बताया 35 की संख्या में हाथियों का दल मैनपुर के समीप जंगल में पिछले 15 दिनों से डेरा डाले हुए है। यह शाम होते ही गांव के तरफ पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों को मशाल,टार्च व जरूरी सुविधा मुहैया कराने के साथ हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

'धर्म हमारे डीएनए में है

उज्जैन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने उज्जैन में आयोजित युवा धर्म संसद को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सब कुछ बदलता रहता है, सुख-दुख आते-जाते रहते हैं, लेकिन हम नित्य हैं और हमारा धर्म नित्य है।

भारत में आईफोन 18 श्रृंखला की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल की आईफोन 18 श्रृंखला के फोन शुक्रवार को भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए। इनके लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु तथा नोएडा समेत प्रमुख शहरों में कंपनी के स्टोर के बाहर खरीदारों की कतारें देखी गईं। एप्पल ने नौ सितंबर को आईफोन 18 श्रृंखला के उत्पाद पेश किए थे।

बुजुर्ग से 1.12 करोड़ की ठगी बैंक मैनेजर समेत 6 गिरफ्तार

मुंबई। साइबर पुलिस ने 68 साल के एक बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 1.12 करोड़ रुपए ठगने के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका एक वेब डेवलपर और एक निजी बैंक का ऑपरेशंस मैनेजर भी शामिल है।

जहरीली शराब : मेथनॉल संबंधी नियम रद्द

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र जहर नियमावली के उन प्रावधानों को रद्द कर दिया, जिनके तहत गैर-दवा निर्माताओं को मेथनॉल बेचने से पहले उसमें खास रंग और कड़वा स्वाद मिलाने की शर्त थी ताकि जहरीली शराब से होने वाली त्रासदियों को रोका जा सके। न्यायालय ने कहा कि ऐसी पाबंदियां मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं और शराब पर पूर्ण रोक लगाने से अक्सर इसका गैर-कानूनी कारोबार होने लगता है।

तात्कालिक या अस्थायी उपाय को बताया नाकाफी

नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, एनटीए दफ्तर जाएंगे जज, खुद चेक करेंगे सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक की बार-बार होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए प्रणाली को संस्थागत रूप से मजबूत बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए, उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक असामान्य संकेत दिया कि पीठ में शामिल न्यायाधीश राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की नयी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उसके दफ्तर का दौरा कर सकते हैं।

एनटीए, 'नीट-यूजी' आयोजित करता है और बार-बार प्रश्नपत्र लीक होने की वजह से आलोचनाओं का सामना कर रहा है। एनटीए ने न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ को बताया कि उसने प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए अपने पूरे तंत्र में बदलाव किया है जिसमें प्रशासनिक संरचना से लेकर बुनियादी ढांचा तक, सब कुछ शामिल है। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह और न्यायमूर्ति अराधे, प्रणाली की जांच करने के लिए एनटीए की नयी व्यवस्था वाली जगह का दौरा करना चाहेंगे। पीठ ने मेहता से कहा, 'बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक को रोकने के लिए एनटीए की प्रणाली को संस्थागत रूप से मजबूत करना बहुत जरूरी है। सिर्फ तात्कालिक या अस्थायी उपाय काफी नहीं होंगे। आपको पता होना चाहिए कि पूरी प्रणाली का स्थायी होना ही सबसे जरूरी है।'

सर्वोच्च न्यायालय ने दिया संस्थागत मजबूती पर जोर

यह कहा केंद्र ने

सुनवाई की शुरूआत में, केंद्र ने न्यायालय से कहा कि नीट में संरचनात्मक सुधारों का सुझाव देने के लिए गठित नंदन नीलेकणि की अगुवाई वाली उच्चस्तरीय समिति ने व्यापक विचार-विमर्श किया है और वह संभवतः इस महीने के अंत तक अपनी पहली अंतरिम रिपोर्ट सौंप देगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि सभी सुझाव समिति के समक्ष रखे गए हैं और समिति ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अगुवाई वाली पूर्व समिति के सदस्यों से भी विचार-विमर्श किया है।

व्यवस्था का लेंगे जायजा

न्यायालय ने कहा, 'स्थायी कर्मचारी और संगठनात्मक ढांचा होना चाहिए। प्रतिनियुक्ति पर बहुत कम लोग होने चाहिए। तभी एक स्थायी ढांचा तैयार हो पाएगा।' न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि न्यायाधीश दिल्ली में मिंटो रोड पर एनटीए के दफ्तर जाएंगे और देखेंगे कि प्रणाली असल में काम कर रही है या नहीं। साथ ही, वहां के कर्मियों, और अन्य व्यवस्था का भी जायजा लेंगे।

कोर्ट ने एजेंसी को यह दिए आदेश

सुधारों की जानकारी दें- कोर्ट ने एनटीए को अपने सुधारों और अब तक हुई प्रगति का ब्योरा वेबसाइट पर डालने का निर्देश दिया है। इससे परीक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों की जानकारी सार्वजनिक होगी। स्थायी कर्मचारी रखे जाएं- एनटीए के लिए पर्याप्त स्थ.ायी कर्मचारी और विशेषज्ञ स्टाफ रखने की जरूरत पर चर्चा हुई। कोर्ट ने बेहतर मैनपावर, प्रशिक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत बताई। एनटीए को मजबूत कानूनी आधार देने के लिए वैधानिक व्यवस्था पर भी विचार किया गया। डिजिटल परीक्षा चरणबद्ध तरीके से होगी- कोर्ट ने कहा कि लिखित परीक्षा से डिजिटल परीक्षा की ओर बदलाव अचानक नहीं किया जा सकता। इसे धीरे-धीरे लागू करना होगा, ताकि नई व्यवस्था में परेशानी न हो। सुझाव भेजने की सुविधा- कोर्ट ने कहा कि परीक्षा सुधारों को लेकर वकील और राज्य अपने सुझाव तय ई-मेल के जरिए भेज सकते हैं।

नीट पेपर लीक में अब तक 13 गिरफ्तार

नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 सेंटर्स में हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 21 जून को नीट की परीक्षा दोबारा हुई थी।

सभी केस बंद, सेबी और एनएसई का हाईप्रोफाइल विवाद खत्म!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ एनएसई ने चुकाए 1491 करोड़ रुपए

शेयर बाजार में पिछले कई सालों से चले आ रहे देश के सबसे बड़े और हाई-प्रोफाइल विवादों में से एक पर अब पूरी तरह से विराम लग गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बाजार नियामक सेबी (सेबी) के बीच को-लोकेशन और डार्क-फाइबर मामलों में समझौता हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस समझौते पर अपनी ▶▶|शेष पेज 6 पर

क्या है मामला

यह विवाद दो मुख्य बातों पर आधारित था। पहला को-लोकेशन मामला एनएसई कुछ बड़े और चुनिंदा ब्रोकर्स को अपने सर्वर के बिल्कुल पास (उसी बिल्डिंग में) सर्वर लगाने की सुविधा देता था। आरोप था कि इससे उन ब्रोकर्स को बाकी आम निवेशकों की तुलना में कुछ मिलीसेकंड्स पहले मार्केट डेटा मिल जाता था, जिससे वे करोड़ों का मुनाफा ▶▶|शेष पेज 6 पर

35 मिनट की देरी, एयर इंडिया ने लिया एक्शन

पायलट समेत 8 क्रू मेंबर 3 माह के लिए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एअर इंडिया एक्सप्रेस के आठ क्रू मेंबर को तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। इनमें चार पायलट और चार केबिन क्रू मेंबर शामिल हैं। मामला 2 अगस्त 2026 का है, जब दुबई से अमृतसर पहुंची एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के क्रू ने जरूरी पोस्ट-फ्लाइट ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट तय समय के बाद कराया। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट एएक्स-192 सुबह 9:50 बजे अमृतसर के श्री गुरु राम ▶▶|शेष पेज 6 पर

एक क्रू मेंबर की तबीयत खराब थी

सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट के लैंड करने के बाद एक क्रू मेंबर की तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद सभी क्रू मेंबर जरूरी पोस्ट-अराइवल औपचारिकताएं पूरी करके अपने तय होटल चले गए।

इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026 शुरू, सीएम ने कहा भविष्य के उद्योगों का नया केंद्र बनेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों, निवेशकों और औद्योगिक प्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वागत करते हुए ▶▶|शेष पेज 6 पर

नई औद्योगिक नीति से निवेश को मिली नई गति

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योग जगत, निवेशकों और विभिन्न हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की है। इस नीति का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि ऐसा औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जिसमें निवेश, उत्पादन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था एक साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, निवेशकों को प्रोत्साहन, नए ▶▶|शेष पेज6 पर

अकेले पड़े नोएल टाटा

शापूरजी पलोनजी ग्रुप ने कहा आईपीओ का फैसला सही



एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा टाटा संस के आईपीओ के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। लेकिन टाटा संस के दूसरे बड़े शेयरधारक शापूरजी पलोनजी ग्रुप ने आईपीओ लाने के फैसले का स्वागत किया है। दरअसल, गुरुवार को टाटा संस के बोर्ड की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए। इसमें चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को अगले 5 साल के लिए फिर से कमान सौंपने का फैसला लिया गया है।

दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक

टाटा संस के दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक शापूरजी पलोनजी ग्रुप के प्रमुख शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इसका पूरे दिल से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि आईपीओ लाने का फैसला किसी एक पक्ष की जीत या दूसरे की हार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फैसला पारदर्शिता, जवाबदेही और जिम्मेदार संस्थागत निर्माण के सिद्धांतों को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक पल है।

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट से जुड़े नियमों में किया बदलाव

15 साल से छोटे बच्चों का पासपोर्ट 5 साल तक वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश जाने के लिए पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए जरूरी खबर है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों के 36 पेज वाले सामान्य पासपोर्ट की वैलिडिटी अब 5 साल या बच्चे के 18 साल का होने तक रहेगी। इनमें से जो भी पहले होगा, उसी के हिसाब से पासपोर्ट की वैलिडिटी खत्म हो जाएगी। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट संशोधन नियम 2026 को 15 सितंबर को सरकारी राजपत्र में जारी किया है। नोटिफिकेशन जारी होते ही ये नियम लागू हो गए हैं।

बच्चों के पासपोर्ट में क्या बदला?

नए नियम के मुताबिक, 15 साल से कम उम्र के बच्चे को जारी किया गया 36 पेज का सामान्य पासपोर्ट अब जारी होने की तारीख से 5 साल तक वैलिड रहेगा। लेकिन अगर बच्चा इससे पहले 18 साल का हो जाता है, तो पासपोर्ट की वैलिडिटी वहीं खत्म हो जाएगी। यानी किसी बच्चे का पासपोर्ट 5 साल पूरे होने से पहले ही उसके 18 साल के होने पर खत्म हो सकता है।

पासपोर्ट की फीस भी बढ़ी

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट से जुड़ी अलग-अलग सेवाओं की फीस भी बढ़ाई है। नई फीस 1 जुलाई से लागू है। इसमें नया पासपोर्ट बनवाने, पासपोर्ट रिन्यू कराने, तत्काल सेवा, पासपोर्ट खोने या खराब होने पर नया पासपोर्ट और पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट यानी पीसीसी जैसी सेवाएं शामिल हैं। वयस्कों के लिए सामान्य कैटेगरी में 36 पेज का पासपोर्ट अब 2,500 रुपये का होगा।

तत्काल पासपोर्ट कितना महंगा

36 पेज के तत्काल पासपोर्ट के लिए अब 5,000 रुपये देने होंगे। पहले इसकी फीस 3,500 रुपये थी। वहीं 60 पेज के तत्काल पासपोर्ट की फीस 4,000 रुपये से बढ़कर 6,000 रुपये हो गई है। 60 पेज का पासपोर्ट खोने या खराब होने पर तत्काल में नया पासपोर्ट बनवाने की फीस अब 8,500 रुपये होगी।

चिंतन

एक हार में ही बिखर गई तृणमूल कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस विधानसभा चुनाव में हुई एक ही हार में बिखर गई। इस समय पार्टी जिस तरह से अंदरूनी खींचतान, टूट और नेतृत्व के सवालों से जूझ रही है, उसने उसके संगठनात्मक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति की विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम को कभी ममता बनर्जी की राजनीतिक लड़ाई का प्रतीक माना जाता था, वहीं उपचुनाव में उनकी पार्टी का उम्मीदवार मैदान से हट गया। संचिता प्रधान डे ने नामांकन वापस ले लिया और इसके बाद ममता के गुट ने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की। इससे बड़ा राजनीतिक संकेत शायद ही कोई हो सकता है। एक समय नंदीग्राम की लड़ाई ने ममता की राजनीति को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया था। आज उसी सीट पर उनकी पार्टी अपने नाम से उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि उम्मीदवार के नामांकन वापस लेने के पीछे वास्तविक कारणों पर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं और इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है, लेकिन घटनाक्रम ने तृणमूल के भीतर जारी अस्थिरता को जरूर उजागर कर दिया है। संकट की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि चुनाव आयोग को पार्टी के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न देने पड़े हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चिह्न मिला है, जबकि विरोधी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चिह्न दिया गया है। दोनों गुटों को आगामी उपचुनाव में इन्हीं अस्थायी पहचान के साथ उतरना होगा। मूल 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' चिह्न पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। पार्टी के संगठनात्मक संकट का दूसरा पहलू और भी महत्वपूर्ण है। 80 विधायकों वाली तृणमूल के विधायक दल में 58 विधायकों के अलग गुट के साथ खड़े होने का दावा सामने आया और ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी मिला। इसी तरह लोकसभा में तृणमूल के 28 सांसदों में से 20 के अलग रुख अपनाने की खबरें हैं। इसका अर्थ यह है कि संकट केवल स्थानीय संगठन या कुछ नेताओं की नाराजगी तक सीमित नहीं है, बल्कि विधायक दल और संसदीय दल तक फैल चुका है। यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति के लिए भी एक बड़ा सबक है। किसी भी दल की पहचान केवल उसके शीर्ष नेता से नहीं बनती। संगठन, कार्यकर्ता, स्थानीय नेतृत्व और संस्थागत व्यवस्था पार्टी को स्थायित्व देते हैं। लंबे समय तक एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित राजनीति में नेतृत्व की लोकप्रियता संगठन की ताकत का विकल्प नहीं बन सकती। यह सवाल केवल तृणमूल के सामने नहीं, बल्कि हर उस दल के सामने है जो अपने संगठन और नेतृत्व के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती से गुजर रहा है। नंदीग्राम और रेजीनगर के उपचुनाव अब केवल दो सीटों की लड़ाई नहीं रह गए हैं। छह अक्टूबर को होने वाला मतदान तृणमूल के दोनों गुटों के लिए संगठनात्मक ताकत और राजनीतिक पहचान की परीक्षा होगा। असली परीक्षा यह होगी कि चुनावी हार के बाद पार्टी अपने बिखरे हुए संगठन को फिर से जोड़ पाती है या नहीं। लोकतंत्र में हार किसी भी दल के लिए अंत नहीं होती, लेकिन हार के बाद संगठन का बिखरना जरूर गंभीर चेतावनी होती है। तृणमूल के सामने फिलहाल यही सबसे बड़ी चुनौती है। अब देखना यह है कि ममता बनर्जी किस तरह से अपने राजनीतिक कुनबे को दोबारा खड़ा कर पाएगी और प्रदेश व राष्ट्रीय राजनीति में उसकी क्या स्थिति होगी।

बिंदु से विराट

विचार
शिवप्रकाश

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री से प्रारंभ कर, प्रधानमंत्री दायित्व के माध्यम से जन सेवा करते हुए 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं । 7 अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देश में अनेक नेताओं द्वारा लम्बे समय तक मुख्यमंत्री अथवा प्रधानमंत्री पद द्वारा सत्ता का संचालन किया गया है ।स्वतंत्रता के पश्चात नियुक्त प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरुजी 16वर्ष 286 दिन प्रधानमंत्री रहे तथा सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में श्री पवन कुमार चामलिंग ने 24 वर्ष 165 दिन सिक्किम की सत्ता सम्हाली । 24 वर्ष 98 दिन श्री नवीन पटनायक ओड़िशा के मुख्यमंत्री रहे । इन सभी की तुलना में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों ही दायित्व पर देश की सेवा करते हुए 7 अक्टूबर को मोदी जी 25 वर्ष पूर्ण करने वाले देश के प्रथम नेता होंगे । वड़नगर (गुजरात) जैसे एक छोटे स्थान एवं ग़रीब परिवार से निकलकर देश एवं दुनिया की राजनीति को प्रभावित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा जनसहभागिता, सेवा संकल्पों, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं उच्च प्रतिमानों से प्रेरित है । अपार जनसमर्थन के बावजूद भी सर्वाधिक विरोधों का सामना करने वाले वें एकमात्र नेता है। श्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा समाज संगठन के लिए गृह त्याग,1974 गुजरात छात्र आंदोलन में सहभागिता एवं आपातकाल के विरोध में समाज जागरण के लिए भूमिगत आंदोलन से प्रारंभ हुई । भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने प्रेरणादायी इस यात्रा को उनके जन्म दिवस 17 सितंबर से प्रारंभ कर 17 अक्टूबर तक "सेवा संकल्प अभियान" के माध्यम से समाज में सेवा का संकल्प जागृत करने हेतु आयोजित करने का निश्चय किया है। दुनिया के सभी विकसित देशों ने अपनी जनता के सम्मुख अपने देश को महान बनाने का लक्ष्य रखा है एवं उसकी प्राप्ति के लिए अपने देश की जनता से आह्वान भी किया । अमेरिका द्वारा Great Society (ग़रीबी उन्मूलन तथा नस्लीय समानता के प्रयास)एवं चीन द्वारा घोषित TWO Centenary Goals (द्विशताब्दी लक्ष्य) सर्वविदित है। हमारे देश में हमारे पूर्व राजनीतिक नेतृत्व द्वारा जनता के सम्मुख कोई लक्ष्य घोषित न करने के कारण हम लक्ष्य विहीन व अनेक संकुचितओ से युक्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के सम्मुख एक महान लक्ष्य दिया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 100 वर्ष होने तक हम अपने देश को "विकसित भारत" बनाएंगे । ग़रीबी उन्मूलन से लेकर आत्मनिर्भरता सहित नौ आयामों पर टिका यह लक्ष्य अब 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन गया है।

आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों के संघर्ष से आज सम्पूर्ण विश्व परिचित ही है। अनेक प्रकार के युद्धों को भी हम देख रहे हैं । जिसका परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी हो रहा है। इस संघर्ष के समय विकसित भारत केवल एक नारा न रह जाए इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए एक भविष्य दृष्टा के समान मोदीजी ने आत्म निर्भरता का मंत्र हम सभी भारतीय नागरिकों को दिया है । विकसित भारत की प्राप्ति के लिए अनेक में से कुछ योजनाएं उल्लेखनीय है जैसे स्टार्टअप का 2025-26 में एक नेटवर्क स्थापित हुआ है। वर्तमान में 14 हज़ार स्टार्टअप जिसमें 120 यूनिकॉर्न भी है एक विश्व रिकॉर्ड है। जो लगभग 27 लाख युवकों को रोज़गार भी प्रदान कर रहा है । आर्थिक लेन-देन के लिए भारत द्वारा स्थापित डिजिटल भुगतान प्रणाली "यूपीआई" का उपयोग अब दुनिया के 11 देशकर रहे हैं जिसके द्वारा 314 लाख करोड़ का कारोबार 2025-26 में हुआ है । रक्षा क्षेत्र द्वारा रक्षा उत्पाद निर्मिति में स्वदेशी तकनीक एवं आत्म निर्भरता का भी कीर्तिमान स्थापित किया है । हमने लगभग 100 देशों को 38,424 करोड़ का निर्यात किया है। अब हमरक्षा क्षेत्र में ख़रीदने वाले नहीं, बेचने वाले देश बन गये हैं। दुनिया के विकसित देशों के समान ही हमारा भी ढांचागत विकास हो, इस संकल्पना की पूर्ति की दिशा में हमने ऐतिहासिक एवं साहसिक प्रयास किये हैं। आज हमारे पास 5364 किलोमीटर हाई स्पीड कोरिडोर्स है। 99% रेलवे का विद्युतीकरण हुआ है । रैपिड, हाइड्रोजन ट्रेने एवं मेट्रो का व्यापक जाल आज भारत देख रहा है। शीघ्र ही बुलेट ट्रेन का स्वप्न साकार होते हुए भी हम देखेंगे। विश्व का सबसे बड़ा आर्क चिनाब रेल ब्रिज हमारे पास है । भारत के 7 समुद्री बंदरगाहो ने विश्व के 100 श्रेष्ठ समुद्री बंदरगाहों में स्थान बनाया है। आज हमारी ट्रेन, रेलवे स्टेशन, हवाई पत्तन, समुद्री बंदरगाह एवं हाईवे विश्व से प्रतिस्पर्धा करते दिख रहे हैं ।

हमारी युवा पीढ़ी विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं तकनीक का उपयोग करने वाली बने, इसका आह्वान वक्तृत्व एवं निर्णयों के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है । 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान द्वारा चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले अब हम प्रथम देश बन गए है। सूर्य के अध्ययन के लिए स्वदेशी तकनीक से बना आदित्य L-1 मिशन हमने पूरा किया है । गगनयान के द्वारा मानव को अन्तरिक्ष में ले जाने के लिए स्वदेशी

उड़ान क्षमता का विकास इसरो की सराहनीय पहल है । "आकाश में आँख" के नाम से प्रसिद्ध GSLV- F17-EOS-05 सैटेलाइट द्वारा अब हम प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी, विकास एवं सुरक्षा करने में भी समर्थ हो रहे है । वर्तमान में हमारे देश में 440 अन्तरिक्ष स्टार्टअप भी कार्य कर रहे हैं । क्वांटम मिशन(Quantum Mission) के लिए 6003.65 करोड़ का बजट भी हमने निश्चित किया हैं । अब हम स्वदेशी सेमीकंडक्टर बना रहे हैं । जिसको प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम "चिप से शिप" तक भारत में बना रहे हैं । पूर्व में हम शोध न कर विश्व के ऊपर निर्भर थे आज हमारा शोध पर 244798 करोड़ का बजट है ।AI के व्यवस्थित उपयोग का हमारा संकल्प हैं।

हमने अपनी विदेश नीति के माध्यम से विश्व में भारतका गौरव बढ़ाया है । अब हमें दुनिया के सम्मानित देशों की श्रेणी में विश्व के लोग देखते हैं । भारतीयहित प्रथम के आधार पर अब हम अमेरिका एवं रूस दोनों से व्यापारिक वार्ता, जापान के साथ निर्माण, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा एवं ग्लोबल साउथ की आवाज़ बनकर उनका नेतृत्व भी करते हैं। इसी का परिणाम है कि दुनिया के 36 देशों ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कारो से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीको सम्मानित किया है । G-20 के माध्यम से भारतीय गौरवको भी हमने दुनिया में स्थापित कियाहै।

कठोर एवं अचूक निर्णय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीकी कार्यशैली की विशेषता है । तीन तलाक़, नोटबंदी, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशनसिंदूर, भारतीय न्याय संहिता एवं नक्सलवाद से मुक्ति जैसे देशहित में किए गए सभी निर्णय उनके दृढ़ संकल्प का स्मरण कराते हैं । अर्थव्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता तथा उनको प्रतिष्ठा प्रदान करना, विकलांगो को दिव्यंगता देना, किन्नरों (थर्ड जेंडर)की समाज में प्रतिष्ठा स्थापित करना, सिकल सैल एनीमिया से मुक्ति एवं TB मुक्त भारत का संकल्प उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है । अमेरिकी चिंतक जेम्स फ्री मैन क्लार्क ने कहा था कि - "A politician thinks of the next election; a statesman thinks of the next generation."(एक राजनीतिज्ञ आगामी चुनाव के बारे में सोचता है; जबकि एक राजनेता अगली पीढ़ी के बारे में सोचता है।) के सिद्धान्त के अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समाज सक्रियता के लिए गए निर्णय एवं प्रेरणादायी व्यवहार भविष्य का भारत गढ़ने का कार्य करेंगे । स्वच्छता अभियान, परीक्षा पर चर्चा, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, Wedding Destination (विवाह संस्कार भारत में), खिलाड़ियों से संवाद जैसे सभी उपक्रम भावी पीढ़ी का स्वभाव बदलने में सहायक बनेगें। युवकों को व्यसन मुक्त एवं स्वस्थ रखने के लिए "नशा मुक्ति अभियान" एवं "एक पेड़ माँ के नाम" का आह्वान पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल है ।

विदेशों से 656 भारतीय गौरव की प्रतीक कला कृति वापस लाना, बुद्ध सर्किट , श्रीराममंदिर निर्माण की बाधा दूर करना, सिख गुरुओं के प्रकटोत्सव पर गुरुद्वारों में उपस्थिति एवं लंगर (भोजन) वितरण करना , क्लासिक भाषाओं को मान्यता , ऐतिहासिक मंदिरों एवं धार्मिक परंपराओं में उपस्थिति उनके श्रद्धा भाव को प्रकट करते हैं । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने श्रेष्ठसंवेदनशील व्यवहार, देशहित में कठोर निर्णय,विश्व में भारत का गौरव,जनसहभागिता के आधार पर विकास एवं भविष्य का भारत गढ़ने के उनके प्रयासों के कारण राष्ट्र के सभी नागरिक उनमें अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति देखते हैं । वह 140 करोड़ देशवासियों की आशा की किरण है । उनकी नर सेवा से नारायण सेवा तक की यह यात्रा "बिंदु से विराट" की यात्रा है । उनके दिए लक्ष्य-विकसित भारत की संकल्प पूर्ति में हमें भी इस यात्रा का सहभागी बनने का संकल्प लेना है ।

(राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा)

ऊर्जा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत

नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत अब पेट्रोस्टेट के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 13 जुलाई को पवन और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विद्युत उत्पादन का आंकड़ा 100 गीगावाट को पार कर गया। यह विद्युत उत्पादन में करीब 42 प्रतिशत भागीदारी हो जाती है। जल विद्युत और परमाणु विद्युत को भी जोड़ लिया जाए तो देश में कुल विद्युत उत्पादन में करीब 50 फीसदी भागीदारी नवीकरणीय ऊर्जा की हो जाती है। देश में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती जा रही है। जीवाश्म ईंधन के कारण जिस तरह से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, उससे दुनिया के सभी देश चिंतित है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि आज अमेरिका धरती के गर्भ में छिपे बेशकीमती खनिजों के लिए दुनिया के देशों पर नजर गड़ाये हुए हैं। चाहे यूक्रेन हो, कनाड़ा हो, आईलैण्ड या डेनमार्क या कोई भी वह देश जिसमें क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों के भण्डार हैं, उन पर अमेरिका की नजर टिकी हुई है। दूसरी ओर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी का संकट दुनिया के देशों के सामने उभरा है, उससे दुनिया के देशों को पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट में शिफ्ट होने का देर-सबेर प्रयास करना ही होगा। आज चीन दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रोस्टेट है। चीन का वर्चस्व इसलिए भी हो गया है कि दुनिया के देशों में इलेक्ट्रोस्टेट यानी कि चीन उत्पादक और निर्यातक दोनों ही तरह से दुनिया में शीर्ष पर है। करीब 80 फीसदी भागीदारी अकेले चीन की होने से चीन की मोनोपोली होना स्वाभाविक है। दरअसल, ईंधन के लिए अब तक दुनिया के देश पारंपरिक रूप से तेल और गैस पर निर्भर रहे हैं। इस निर्भरता को पेट्रोस्टेट कहा जाता रहा है। पर्यावरणीय समस्या को देखते हुए दुनिया के देशों ने तेल और गैस यानी कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जाता रहा है। दुनिया के देशों के सामने पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ने की चुनौती है। जिस तरह से पेट्रोस्टेट में एक उत्पादक देश अरब देश, रूस आदि कुओं से तेल निकालने वाले देश हैं और इनकी दादागिरी और समस्या को पिछले साढ़े चार माह से चल रहे अमेरिका-ईरान युद्ध से अच्छी तरह से समझा जा सकता है। आज हार्मुज के कारण कच्चे तेल और एलपीजी के जहाजों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। अब तो लाल सागर के रास्ते पर भी अवरोध वाले हालात बनते जा रहे हैं। इस तरह से दुनिया के दो देशों के अहम की लड़ाई में दुनिया के देशों के सामने गंभीर ईधन संकट आ गया है। पेट्रोस्टेट में दूसरे उपभोक्ता देश आते हैं जो ईंधन के लिए पूरी तरह निर्भर हैं। अब समस्या उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही देशों के सामने हैं।

चीन के बाद भारत भी तेजी से इलेक्ट्रोस्टेट की ओर आगे बढ़ रहा है। हालांकि चुनौतियां अधिक है। चीन अकेला सौर ऊर्जा और बैटरी आदि में 80 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दौड़ में बहुत आगे हैं। चीन में सौर ऊर्जा को उत्पादन, पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ रहा है। लिथियम, कोबाल्ट, निकल और आरईई खनिजों में भी चीन आगे है। यही कारण है कि चीन जीवाश्म ईंधन के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत में भी योजनाबद्ध तरीके से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही देश में सौर ऊर्जा पर भी खास ध्यान दिया गया है। राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों में तेजी से काम हो रहा है। अब तो रुफटॉप के लिए अनुदान के साथ ही लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। खेती किसानी में कुसुम योजना के कम्पोनेन्ट के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। कर्नाटक, गुजरात के साथ ही राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। भारत में अब सोलर पैनल भी तैयार होने से चीन व अन्य देशों से निर्भरता कुछ हद तक कम हुई है। इसी तरह से देश में रुफटॉप को प्रोत्साहित करने का परिणाम यह है कि शहरों में घरों पर बहुतायत में सोलर प्लांट देखे जा सकते हैं। पिछले कुछ सालों से योजनाबद्ध तरीके से ईवी को बढ़ावा दिया जा रहा है और ई वाहन अब कोई अजूबा नहीं रहा है। सरकार को अभी इस दिशा में और अधिक ध्यान देना होगा। ईवी को लोगों के विश्वास पर खरा उतरना होगा। लंबी दूरी की यात्रा आसान हो सके, ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी। वहीं लागत को भी कम करने के प्रयास करने होंगे। जीवाश्म ईंधन के पर्यावरणीय नकारात्मक प्रभाव और जीवाश्म ईंधन को लेकर वर्तमान हालात और उत्पादक देशों की दादागिरी को समाप्त करना एक बात है, पर दीर्घकालीन भविष्य भी इलेक्ट्रोस्टेट में ही साफ दिखाई देता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता है



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा

संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

अंतर्मन

आज की पाती

सुविधाएं गांवों तक पहुंचनी चाहिए

गांव में रहने वाले लोगों के लिए किसी चीज की कीमत केवल उसकी दुकान पर लिखी रकम से तय नहीं होती। कई बार उसे खरीदने के लिए घर से शहर तक जाने और आने का किराया, लगने वाला समय, काम से छूटा एक दिन और रास्ते में होने वाली दूसरी परेशानियां भी जुड़ जाती हैं। यही वह अदृश्य कीमत है, जिसे गांव के कठिन जीवन को समझते समय अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। शहर के इतने करीब होने के बावजूद गांव के भीतर की सड़के टूटी-फूटी होती हैं और रोजमर्रा की कई जरूरतों के लिए लोगों को शहर का रुख करना पड़ता है। इस की छोटी दुकानों,में जरूरत का पूरा राशन नहीं मिलता है। इसलिए व्यवस्था यह होनी चाहिए कि हर सुविधा गांव में ही मिलने लगे। गांव के लोगों को शहर तक जाने की जरूरत न पड़े।

-पवन देवांगन, बसना

ट्रेंड

बीजेपी और चुनाव आयोग



पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न देखने को मिलता है-बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर किसी पार्टी को तोड़ देते हैं। फिर उसका चुनाव चिह्न छीन लिया जाता है। जब पूरी पार्टी ही हथियाई जा सकती है, तो भारतीयों के वोट भी चुराए जा सकते हैं।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

गौरवशाली इतिहास

आदिवासी नायकों राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि। उन्होंने सनातन संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हम उनके गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। - **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

पूंजीवादी सोच

यूपीआई डिजिटल ट्रांज़ेक्शन को बढ़ावा देने के बाद, अब सरकार का इन ट्रांज़ेक्शन पर फीस लगाने का फैसला आम लोगों को पहली नज़र में मुनाफा कमाने वाली पूंजीवादी सोच जैसा लगता है, जिसमें लोगों से दोनों हाथों से टैक्स वसूला जा रहा है।

- **मायावती,** पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश

हमला निंदनीय

रायबरेली में पीडीए समुदाय पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। हम छात्र विंग के सदस्यों की तारीफ़ करते हैं कि बीजेपी सरकार की पुलिस के दमन के बावजूद उन्होंने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने में सफलता पाई।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

बढ़ती असमानता दुनिया के लिए गंभीर खतरा : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि दुनिया बेकाबू होती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), तेजी से बढ़ते जलवायु परिवर्तन और गहराती असमानता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है तथा इनसे निपटने के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा। लगभग एक दशक तक पद पर रहे गुतारेस इस साल के अंत में पद छोड़ेंगे। दुनिया की स्थिति को लेकर अक्सर निराशाजनक तस्वीर पेश करने वाले भाषणों के लिए जाने जाने वाले गुतारेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी वर्षों में उन्हें उम्मीद और संभावनाएं नजर आती हैं लेकिन ऐसा तभी संभव है जब दुनिया की सरकारें संघर्षों को कम करने, असमानता दूर करने और तेजी से उभर रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करें। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के लिए विश्व नेताओं के जुटने से चार दिन पहले 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मेरा मानना है कि दुनिया को बेहतर बनाने के लिए कई बुनियादी काम किए जाने की जरूरत है और मैं उन कार्यों को पूरा कराने के लिए संघर्ष करने को प्रतिबद्ध हूं।'' गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें इस तथ्य का बेहद गंभीरता से आकलन करना होगा।

ऑफ बीट

कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

ममता का सिंबल फुटबॉल प्लेयर, ऋतब्रत को मिला लिफाफा चिन्ह

एक पार्टी का नाम ममता टीएमसी, बागी गुट कहलाएगा डेमोक्रेटिक टीएमसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के भीतर मची घमासान ने अब एक नया और बड़ा मोड़ ले लिया है। आगामी विधानसभा उपचुनाव से ठीक 18 दिन पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने टीएमसी के दोनों बागी और मुख्य गुटों को अलग-अलग नाम और नए चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। पार्टी में हुई इस बड़ी टूट के कारण ममता बनर्जी का राजनीतिक प्रभाव कमजोर होता दिख रहा है, और अब दोनों गुट नए नाम व सिंबल के साथ चुनावी मैदान में आमने-सामने होंगे। अब दोनों गुट उपचुनाव में नई पार्टी नाम और सिंबल से चुनाव लड़ेंगे। नंदीग्राम और रेजीनगर पर 6 अक्टूबर को वोटिंग हैं और रिजल्ट 9 अक्टूबर को आएगा। वहीं अब इस मामले को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है।

दोनों गुट को मिले अलग नाम-अलग चिन्ह

ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और 'फुटबॉल खिलाड़ी' का चिह्न मिला है, जबकि दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' और 'लिफाफा' दिया गया है। इससे एक दिन पहले आयोग ने दोनों गुटों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' वाला मूल चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया था। यह अंतरिम व्यवस्था है। मूल नाम और चिह्न पर अंतिम फैसला अभी आना बाकी है।

ममता की प्रत्याशी ने नाम वापस लिया

पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी टीएमसी धड़े से मोहम्मद एतेशामुल हक नंदीग्राम और सफीउद्दीन शेख रेजीनगर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, पूर्व सीएम ममता बनर्जी की टीएमसी ने रविवार को नंदीग्राम से संचिता प्रधान (डे) और रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया था। हालांकि संचिता ने शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। ममता गुट ने कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है।

'वोट चोरी, सरकार चोरी, अब पार्टी चोरी'

राहुल गांधी ने टीएमसी के सिंबल फ्रीज रखने के चुनाव आयोग के फैसले पर कहा कि पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस, बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर पार्टी तोड़ते हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि 'वोट चोरी। सरकार चोरी।

ये बता कि काफिला क्यूं लुटा : सयानी घोष

तृणमूल कांग्रेस की बागी सांसद सायोनी घोष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में शहाब जाफरी के शेर की आधी लाइन शेयर की। उन्होंने लिखा, "तू इधर उधर की न बात कर ये बता कि काफिला क्यूं लुटा ..।" सायोनी ने किसी भी दल या नेता का नाम नहीं लिया है।

देश में लोकतंत्र खतरे में है : संजय राउत

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि यदि आयोग दबाव में फैसले ले रहा है तो लोकतंत्र खतरे में है। राउत ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री ममता की पार्टी है। भाजपा पर तृणमूल कांग्रेस को विभाजित करने का आरोप लगाया।

मोदी को ईसी ने दिया जन्मदिन का तोहफा

चुनाव आयोग के टीएमसी पर दिए गए फैसले पर आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तंज कसते हुए इसे पीएम मोदी का जन्मदिन तोहफा बताया और एक्स पर लिखा क्या वे इस तरह चुनाव जीतेंगे?

जनमत का चीरहरण

तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'संविधान, लोकलाज और लोकतांत्रिक मूल्यों को तार-तार करते हुए बीजेपी ने जनमत का चीरहरण करते हुए विपक्षी दलों के विधायक-सांसद तोड़े, फिर मुख्यमंत्री सहित सरकारें भी चुराई।'

नमाज के समय मस्जिद में धमाका, 16 की मौत 50 से ज्यादा घायल

पाकिस्तान के कोहाट में हुई घटना, मृतकों में 5 पुलिसकर्मी भी

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में कोहाट की मस्जिद में आज शुक्रवार को धमाका हो गया है। ये धमाका, जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद में हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि इस बड़े बम विस्फोट में 16 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए हैं। मरने वालों में 11 आम नागरिक और 5 पुलिसकर्मी हैं। ये ब्लास्ट उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुआ है। पुलिस के हवाले से कहा गया कि ब्लास्ट के बाद 50 से ज्यादा घायलों के साथ-साथ 15 शव भी हॉस्पिटल लाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि घायलों में अधिकतर नमाज पढ़ने वाले लोग थे। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि धमाके के कारण मस्जिद के बाहर एक गड्ढा बन गया है।

घायल लोगों को मौके से किया गया रेस्क्यू : रेस्क्यू के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी के मुताबिक, खबर मिलने के कुछ ही देर बाद रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उन्होंने आगे बताया कि कई लोग जखमी हुए हैं और उन्हें शुरुआती इलाज के लिए पास के हॉस्पिटल्स में ले जाया जा रहा है। रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर मौजूद हैं और हालात का जायजा ले रहे हैं। इससे पहले, इसी साल फरवरी में इस्लामाबाद में मौजूद शिया मस्जिद में भीषण ब्लास्ट हुआ था। यहां सुसाइड बॉम्बर ने खुद को उड़ा लिया था।

ओल्ड पुलिस लाइन के पास हुआ ब्लास्ट

प्रोविंसियल पुलिस चीफ जुल्फिकार हमीद ने बताया कि फिदायीन हमला करके मस्जिद में धमाका किया गया है। यह घटना खाइबर पख्तूनख्वा में पेशावर से 60 किलोमीटर दूर कोहाट में ओल्ड पुलिस लाइन के पास मस्जिद में हुई है। हालांकि, अभी तक किसी भी आतंकी गुट ने इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

अब चेन्नई चिड़ियाघर में कटेगी खूनी बाघ की पूरी जिंदगी

चेन्नई। लगभग एक महीने से चल रही खोजबीन के बाद वन विभाग की टीमों ने गुडलुर के पास 2 लोगों की जान लेने वाले नर बाघ को सुरक्षित पकड़ लिया है। इस अभियान में सिल्वर क्लाउड एस्टेट में कुम्की हाथियों और ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया गया। उसे सिल्वर क्लाउड एस्टेट में एक पिंजरे में पकड़ा गया, जबकि गुडलुर के आसपास 14 और पिंजरे रणनीतिक रूप से लगाए गए थे ताकि उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। अब यह बाघ चेन्नई के अरिग्नार अन्ना जूओलॉजिकल पार्क में अपनी शेष जिंदगी बिताएगा। वन अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए बालों के नमूनों और कैमरा ट्रैप से मिली तस्वीरों का मिलान किया कि उन्होंने सही बाघ को ही पकड़ा है।

पाक को खुफिया जानकारी भेजने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ से एक 24 वर्षीय ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर पाकिस्तान स्थित अंतर-सेवा खुफिया एजेंसी से संपर्क करने का आरोप है। आरोपी की पहचान अमन के रूप में हुई है। आरोप है कि वह सैन्य ठिकानों की रेकी कर आईएसआई के एजेंटों को संवेदनशील फुटेज और जानकारी मुहैया करा रहा था। उस पर जासूसी और विध्वंसक गतिविधियों के लिए आईएसआई से निर्देश प्राप्त करने का आरोप है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि उसने अमन का फोन जब्त कर लिया है और उसकी फोरेंसिक जांच की जा रही है। अमन पर आरोप है कि उसने संवेदनशील फुटेज की आपूर्ति की, सैन्य प्रतिष्ठानों की रेकी की और पाकिस्तान स्थित एजेंटों के लिए जानकारी और तस्वीरें एकत्र कीं है। बता दें कि कुछ दिन पहले कठुआ के हीरानगर सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार हुआ है।

उज्जैन में युवा धर्म संसद में बोले मोहन भागवत

दुनिया इंसान की मर्जी से नहीं, धर्म के शाश्वत नियमों से संचालित होती है

एजेंसी ▶▶| उज्जैन

"मनुष्य अपने अहंकार में भरकर यह मान बैठता है कि सब ओर उसी की सत्ता चलती है और हर चीज उसकी इच्छा के अनुसार ही होनी चाहिए, लेकिन वास्तविकता में ऐसा बिल्कुल नहीं है।" राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने धार्मिक नगरी उज्जैन में 'युवा धर्म संसद' को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया इंसान के अहंकार या उसकी मर्जी से नहीं, बल्कि प्रकृति और

■ 'सब कुछ आपकी मर्जी से चलेगाङ्ग' अहंकार छोड़ना पड़ेगा

धर्म के शाश्वत नियमों से संचालित होती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अक्सर इस मुगालते में जीने लगता है कि वह पूरी दुनिया और व्यवस्थाओं को अपनी इच्छा से नियंत्रित कर सकता है। मोहन भागवत ने कहा कि जब व्यक्ति अहंकार से प्रेरित होता है, तो वह यह सोचने की भूल कर बैठता है कि प्राकृतिक नियम भी उसकी मर्जी के मुताबिक चलेंगे, जबकि सत्य इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि इसी तरह धर्म के सार्वभौमिक नियम भी इंसान की मर्जी, इनकार या अहंकार से प्रभावित हुए बिना निरंतर काम करते रहते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि 'युवा धर्म संसद' में उनके पास इस तरह की कथा सुनाकर बात टालने या भाग जाने की गुंजाइश नहीं है।

नहीं जल रहे चूल्हे... क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद सिलेंडर बुकिंग, खाद्य विभाग ने भेजी अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गैस सिलेंडरों की रीफिलिंग के लिए बुकिंग कराने की बाध्यता शहरी क्षेत्र में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन तय है। इस बाध्यता के कारण शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को बुकिंग कराने के बाद लगभग 30 दिनों के बाद सिलेंडर मिल पाता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 50 दिन लग जाते हैं। अवकाश या अन्य कारण से कभी-कभी ग्रामीण क्षेत्र में बुकिंग कराने के 8 से 10 दिनों के बाद उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल पाते हैं। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के

गैस उपभोक्ता ज्यादा परेशान है।

जिला पंचायत की सामान्य सभा में सदस्यों ने इसे लेकर मुद्दा भी उठाया था, जिसके बाद खाद्य विभाग ने अब इस मामले में शासन को प्रस्ताव भेजा है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में बुकिंग कराने की बाध्यता 45 दिन से घटाकर 30 दिन किए जाने की मांग की है।

सामान्य सभा में उठा था मामला

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए 45 दिनों की बाध्यता का मामला सदस्यों ने उठाया था। 10 जुलाई को हुई इस बैठक में कई सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की परेशानी बताते हुए कहा था कि ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों की बाध्यता रखी गई, लेकिन उपभोक्ता को रीफिलिंग सिलेंडर मिलते 50 से अधिक दिन लग जाते है, जबकि जिन परिवारों में सदस्यों की संख्या ज्यादा है, उनके यहां सिलेंडर 20 से 25 दिन तक ही चल पाता है। ऐसे में दूसरा सिलेंडर लेने के लिए उन्हें 50 दिन इंतजार करना पड़ता है।

शहरी क्षेत्र में डीएसी भी 90 प्रतिशत करने की मांग

खाद्य विभाग ने शहरी क्षेत्र में 100 प्रतिशत डीएसी की अनिवार्यता को भी कम कर 90 प्रतिशत किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्तओं को ई-केवाइसी एवं नाम में भिन्नता संबंधी अन्य समस्याएं के कारण गैस की बुकिंग कराने में समस्या आती है। इसे देखते हुए विभाग ने डीएसी का प्रतिशत घटाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा है।

लिख चुके पत्र

माना एवं नया रायपुर क्षेत्र के सभी गैस एजेंसी सहित शहरी क्षेत्र से लगे हुए सभी ग्रामीण गैस वितरक को 25 दिनों में गैस बुकिंग के संबंध में प्रावधान करने राज्य स्तरीय समन्वयक ऑयल उद्योग रायपुर को अप्रैल माह में पत्र लिखा जा चुका है।

- कीर्तिमान सिंह राठौर
अपर कलेक्टर

जूडा एसोसिएशन की स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा

रायपुर। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने शुक्रवार को कालेज स्तर पर 21 सितंबर से हड़ताल पर जाने की सूचना दे दी है। वहीं इस मसले पर राज्य प्रतिनिधियों की स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भी चर्चा हुई है। जूनियर डाक्टर अपनी हड़ताल पर शनिवार को अंतिम फैसला लेंगे। जूनियर डाक्टरों की यह हड़ताल प्रदेश के स्वास्थ्य व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करने की वजह बन सकती है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने काफी समय से तमाम चिकित्सा छात्रों की शिष्यवृति में बढ़ोतरी, सुपरस्पेशलिटी का अलग कैडर, बांड राशि और ड्यूटी में कमी के साथ आयुष्मान भारत इनसेन्टिव का भुगतान, चिकित्सकों के लिए भत्ते की व्यवस्था जैसी 17 मांगों पर 21 सितंबर से हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी।

अतिथि शिक्षकों के भुगतान का रास्ता साफ, छह माह के लिए मिले 18 करोड़

प्रदेश के 25 जिलों में कार्यरत शिक्षकों को मिलेगा लाभ, छह माह के मानदेय के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 18 करोड़ 42 लाख रुपए का आवंटन जारी किया गया है। यह राशि छह माह के मानदेय भुगतान के लिए जारी की गई है। आदेश में अतिथि शिक्षकों का प्रतिमाह मानदेय 20 हजार रुपए निर्धारित है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 18 सितम्बर को जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश के 25 जिलों के कुल 1535 अतिथि शिक्षकों के लिए राशि आवंटित की गई है। इसमें बस्तर जिले के 133 अतिथि शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रुपए का आवंटन किया गया है। वहीं कांकेर के 126 अतिथि शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 51 लाख 20 हजार रुपए तथा कोंडागांव के 141 अतिथि शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 69 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

सर्वाधिक अतिथि शिक्षक बलरामपुर में

इसी प्रकार दंतेवाड़ा के 31 अतिथि शिक्षकों के लिए 37 लाख 20 हजार रुपए, सुकमा के 48 अतिथि शिक्षकों के लिए 57 लाख 60 हजार रुपए, बीजापुर के 48 अतिथि शिक्षकों के लिए 57 लाख 60 हजार रुपए और नारायणपुर के 36 अतिथि शिक्षकों के लिए 43 लाख 20 हजार रुपए का आवंटन जारी किया गया है। इस तरह बस्तर संभाग के सातों जिलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश स्तर पर बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 220 अतिथि शिक्षकों के लिए 2 करोड़ 64 लाख रुपए, सूरजपुर में 130 अतिथि शिक्षकों के लिए 1 करोड़ 56 लाख रुपए तथा सरगुजा में 71 अतिथि शिक्षकों के लिए 85 लाख 20 हजार रुपए जारी किए गए हैं।

कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक में 36 प्रकरणों पर विचार-मंथन

जोगी कांग्रेस के विलय पर कोई फैसला नहीं, प्रदेश अध्यक्ष बैज की अध्यक्षता में समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक में अनुशासनहीनता के 36 प्रकरणों पर विचार किया गया। साथ ही समिति ने यह प्रस्ताव भी पारित किया कि पार्टी का कोई कार्यकर्ता नेता सोशल मीडिया, अखबार या किसी भी मंच से पार्टी अनुशासन के खिलाफ बात करेगा तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि समिति के समक्ष जोगी कांग्रेस की ओर से पार्टी में विलय संबंधी आवेदन किया गया था, लेकिन समिति ने इस पर फिलहाल कोई विचार नहीं किया है। दरअसल यह फैसला पार्टी महासचिव व प्रदेश प्रभारी के स्तर का है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक राजीव भवन में हुई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू, प्रभारी सचिव एस. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ वर्चुअल रूप से जुड़े तथा प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, धनेश पाटिला, प्रतिमा चंद्राकर, रवि घोष, जेपी श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, नरेश ठाकुर शामिल हुए। बैठक में विधानसभा चुनाव एवं निकाय चुनाव के समय की गई कार्यवाहियों तथा कांग्रेस प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई।

36 प्रकरणों पर विचार

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, समिति के समक्ष 36 लोगों के आवेदन आए थे, इनमें अधिकांश वे थे, जिन्होंने या तो पार्टी के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ा या किसी न किसी अन्य किसी अन्य तरीके से पार्टी का अनुशासन तोड़ा। इन आवेदनों में जोगी कांग्रेस पार्टी का कांग्रेस में विलय संबंधी आवेदन भी शामिल है। बताया गया है कि इस आवेदन के संबंध में समिति ने आवेदन को लंबित रखने का फैसला किया गया है। बताया गया है कि यह मामला पार्टी महासचिव और नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत की जानकारी में लाया जाएगा। इसके बाद वे ही निर्णय लेंगे। चार प्रकरणों के संबंध में बताया गया है कि इनके संबंध में संबंधित जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कमेटी, विधायक की ओर से अनुशंसा आई है कि इन्होंने माफी मांगी है, खेद व्यक्त किया है, इसलिए इन्हें माफ किया जाए। कुछ प्रकरणों पर समिति ने तय किया है कि इनके संबंध में संबिधित जिला अध्यक्ष, ब्लाक और विधायक से अभिमत लिया जाएगा। कुछ मामलों में तय किया गया है कि गंभीर अनुशासनहीनता करने वालों को वापस नहीं लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./ सं.) संभाग बिलासपुर

क्र.:-का.अभि./सं./सं./ संभाग / 3382 / बिलासपुर, दिनांक : 18.09.2026

-: बिजली बंद की सूचना :-

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132 केव्ही सबस्टेशन छतौना (चकरभाठा) में आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित 33 एवं 11 केव्ही फीडर में दिनांक 19.09.2026, शनिवार को प्रात : 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसका समय आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	फीडर का नाम	सबस्टेशन का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	33 केव्ही नोवा फीडर	132/33 केव्ही छतौना चकरभाठा	33/11 केव्ही सकर्रा सबस्टेशन, 33/11 केव्ही कुरेली सबस्टेशन एवं इनसे निकलने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं संबंधित ग्राम एवं उच्चदाब कनेक्शन ।
2	11 केव्ही हिरीं माइंस	33/11 केव्ही बिल्हा	ग्राम हिरी माइंस, हरदी, झल्फा

राष्ट्रहित में बिजली की बचत करें # समय पर विद्युत देयक का भुगतान करें
विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है ।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. बिलासपुर

सं.49093

OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in KORBA

NIT No : 537/2026 Dated : 15.09.2026

SN	System Tender No.	Name of Work/Description of Work	Probable Amount of Contract
1	199464 (2nd Call)	CONSTRUCTION OF BOX CRICKET AT ZONE-2 IN STADIUM MUNICIPAL CORPORATION,KORBA (C.G.)	Rs. 158.58 Lakh

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 15.09.2026 at 15.30 Hours. (IST) onwards.

Superitending Engineer
Municipal Corporation,
Korba (C.G.)

आयुर्वेद को मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग ने जोर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आयुर्वेद को मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसे लेकर 23 सितंबर को राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम छत्तीसगढ़ समेत देशभर में कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तर्क दिया है कि आयुर्वेद डाक्टर गहन, सूक्षम और प्राचीन ज्ञान की नवीनता के मानक के साथ सफल चिकित्सा के नए आयाम स्थापित करते जा रहे हैं। अभियान के छत्तीसगढ़ राज्य संयोजक डॉ. अजय कृष्ण कुलश्रेष्ठ का सह-संयोजक डॉ. नरेन्द्र दत्त मिश्रा ने कहा कि इसके लिए जिलों के आयुर्वेद डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गयी है जो कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 80 वर्ष व्यतीत होने के पश्चात भी भारतीय सनातन स्वरूप में से एक 'आयुर्वेद' भारत की मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के स्थान पर अभी तक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति तक ही सीमित है, जो वेदना का विषय है। आयुर्वेद केवल चिकित्सा विज्ञान ही नहीं अपितु जीवन का विज्ञान है। आयुर्वेद चिकित्सा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर विश्वविद्यालय व अनुसंधान केन्द्रों तक विकसित कर नये चिकितसा संसाधनों, तकनीकी उपकरणों से सुसज्जित कर आम जनता को राहत दी जाये। कोरोना काल में आयुर्वेद ने अपनी सर्वश्रेष्ठता सिद्ध कर लाखों जिंदगियों को मौत से बचाया है, यह इसका जीवंत प्रमाण है।

* **रायपुर**। मौदहापारा क्षेत्र से बिना बताए घर से चले गए नाबालिग बालक जीशान को पुलिस ने त्वरित कार्यवाही एवं तकनीकी इन्वेस्टिगेशन के माध्यम से महज दो दिन के भीतर मध्यप्रदेश के सुजालपुर से रेस्क्यू कर परिजनों तक पहुंचाया। बालक के सकुशल वापस मिलने से चिंतित परिवार के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई।

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/निविदा/वि.स. क्षेत्र पत्थलगांव/13-1/26-27/3513, रायपुर, दिनांक 17/09/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि:- 05.10.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि:- 12.10.2026

क्र.	कार्य का नाम/ स्थल	निविदा राशि (लाख में)	एस.ओ.आर. विवरण
1	वि.स. क्षेत्र पत्थलगांव जिला जशपुर वि.खं. पत्थलगांव के तमता, चंदागढ़, घरजियाबथान, काडरो, कुकरगांव, शेखरपुर, सरईटोला एवं वि.खं. कांसाबेल के कांसाबेल हाट बाजार अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण)	546.06	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01. 2015 एवं सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01. 2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर
2	वि.स. क्षेत्र कुनकुरी जिला जशपुर वि.खं. दुलदुला के दुलदुला, चटकपुर, चरईडांड, पतराटोली, कस्तुरा, बिपतपुर हाट बाजार अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण)	360.54	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है

संवाद- 49101 प्रबंध संचालक

अवैध संबंध के शक में किराएदार की हत्या

रायपुर। राखी थाना क्षेत्र के गनोद में पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति ने अपने किराएदार की शुक्रवार को गला दबाकर हत्या कर दी। पुरुषोत्तम धीवर के मकान में वेदराम साहू किराए पर रहता था। उसके घर में वह ऑटो पाट्र्स की दुकान चलाता था। आरोपी को अपनी पत्नी के साथ उसके अवैध संबंध होने का शक था। इस बात को लेकर आरोपी, वेदराम के साथ आए दिन विवाद करता था। शुक्रवार को विवाद के दौरान पुरुषोत्तम ने वेदराम की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुराने विवाद पर चाकू से जानलेवा किया हमला

रायपुर। डीडीनगर थाना में एक व्यक्ति ने एक युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के कारण अपने बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। पेशे से कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले अरुण कुमार भोई ने राज प्रताप सिंह ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अरुण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात पौने 11 बजे उन्हें अपने बेटे नीरज पर चाकू से जानलेवा हमला करने की सूचना मिली। घटना दिनांक को महादेवघाट, शीतला मंदिर में गणेश पंडाल में नीरज, गणेश देखने के लिए गया था। आरोपी ने पुराने विवाद को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी पसली तथा कंधे पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्रतिबंधित टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। राजेंद्र नगर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 110 नग प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की है। पुलिस ने प्रतिबंधित टेबलेट के साथ बिट्टू ध्रुव को गिरफ्तार किया है। आरोपी लालपुर ओवरब्रिज के नीचे आम्रपाली कालोनी के पास नशीली टेबलेट रखे हुए मिला था।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी
सेक्टर- 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002
website- www.markfed.cg.nic.in Email.id; mf_ctrlroom_raipur@gov.ina

क्रमांक/विपणन/MT/3027/2025-26 नवा रायपुर, दिनांक 18.09.2026

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में (RFP) for Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of Electronic Weighbridges at Selected locations of Chhattisgarh स्थापित हेतु निविदा सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of Electronic Weighbridges at Selected locations of Chhattisgarh स्थापित करने के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त जारी निविदा का बीड क्रमांक GEM/2026/B/8050532 है। निविदा दिनांक 09.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है।

सूचना वेबसाईट http://gem.gov.in में जाकर प्राप्त किया जा सकता है। ई - निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। email-Helpdesk-gem@gov.In फोन नंबर 1800 419 3436 एवं 1800 102 3436

प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित

सं.49103 महाप्रबंधक (विप.)

कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
ब्लॉक 4 डी. भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
website - tribal.cg.gov.in -2263708 Fax - 2262558
E mail - eklavya.ctd@gmail.com

क्रमांक / EMRS/STU/183/2026-27/Com.No.- 380430
नवा रायपुर, दिनांक 17/09/2026

शिक्षण सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसलिंग उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी किये जाने के संबंध में सूचना

शिक्षण सत्र 2026-27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा-6वीं में प्रवेश हेतु तृतीय चरण के ऑनलाईन काउंसलिंग की प्रकिया संपन्न हो चुकी है। उक्त काउंसलिंग में सम्मिलित विद्यार्थियों में से चयनित अभ्यर्थियों की विद्यालयवार सूची वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in पर जारी की गई है।

उपरोक्तानुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन कर आबंटित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 18.09.2026 से 24.09.2026, समय प्रात: 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर सकते है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में चयनित विद्यार्थी, कक्षा 6वीं प्रवेश के लिये आवश्यक दस्तावेज यथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T.C.), कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची (मार्कशीट), मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर आबंटित एकलव्य विद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.)

जी. 262703376/1

कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 548/लो.नि./न.पा./2026-27 तखतपुर, दिनांक 17/09/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नम्बर	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	Bid Due Date
199605	वार्ड क्रमांक 01 जय भोले हॉटल से बग्गा रेस्टोरेन्ट, वार्ड क्रमांक 02 उस्मान भाई के घर से रामनगर गेट तक, वार्ड क्रमांक 02 सांस्कृतिक भवन के बगल में आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं कवर निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	10.47	05/10/2026
199607	वार्ड क्र. 07-09 हनुमान मंदिर से सदर रोड एवं पुलिस क्वार्टर से चौपाटी गेट तक सीसी रोड विडेनिंग कार्य (द्वितीय निविदा)	13.12	05/10/2026
199608	वार्ड क्रमांक 01-15 मण्डी रोड से बेलसरी आर.सी.सी. नाली एव कवर निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	30.00	05/10/2026
199662	वार्ड क्रमांक 02 मण्डी चौक से कैलाश नगर मोड तक रिनीवल बीटी रोड निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	83.17	05/10/2026
199684	महामाया गेट निर्माण कार्य (प्रथम निविदा)	23.60	12/10/2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउन लोड की जा सकती है।

स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तखतपुर

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति आमनदुला जिला-सक्ती (छ.ग.)
Gmail- mandi-amadula.cg@gov.in

क्र./मण्डी/नियमन/से. शॉप/2026-27/431 आमनदुला, दिनाँक /09/2026

दुकान (सेण्ड्री शॉप) किराया हेतु नीलामी सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति आमनदुला, जिला-सक्ती के उपमण्डी कोटमी में निर्मित सेण्ड्री शॉप 10 नग की कुल लागत राशि 2210210.00 रुपये है। प्रत्येक सेण्ड्री शॉप की लागत राशि 221021.00 रुपये निर्धारित है। रिक्त 09 नग सेण्ड्री शॉप की नीलामी हेतु प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड रायपुर के परिपत्र क्रमांक 6590 दिनाँक 23.01.2020 के मानक शर्तो के अनुसार किया जाना है। उपरोक्त सेण्ड्री शॉप की नीलामी दिनाँक 05.10.2026 दिन-सोमवार समय 12:00 बजे दोपहर स्थान उप मण्डी कोटमी में किया जायेगा।

-:: नीलामी की शर्ते निम्नानुसार होगी ::-

1. प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड रायपुर के परिपत्र क्रमांक 6590 रायपुर दिनाँक 23.01.2020 के मानक शर्तो के अनुसार नीलामी की कार्यवाही होगी, उक्त शर्तो का अवलोकन कृषि उपज मण्डी समिति आमनदुला, जिला-सक्ती में किया जा सकता है।
2. सेण्ड्री शॉप नीलामी प्रीमियम (ऑफसेट प्राईस) लागत का न्यूनतम 25 प्रतिशत होगी।
3. प्रत्येक दुकान का मासिक किराया दुकान की लागत राशि रुपये की न्यूनतम 0.75 प्रतिशत अर्थात राशि रुपये 1658.00 होगा, एवं प्रत्येक 03 वर्ष उपरान्त किराये की राशि में 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि की जायेगी।
4. अनारक्षित दुकान की नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन के साथ आवेदक द्वारा निर्मित सेण्ड्री शॉप के निर्माण कार्य की लागत का 10 प्रतिशत पंजीयन राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. आरक्षित दुकानों हेतु केवल पात्र आवेदन ही आवेदन कर सकते है। अन्य आवेदकों का आवेदन स्वीकार्य नही किया जावेगा।
6. निर्धारित तिथि 03.10.2026 समय 05:30 बजे शाम तक ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा।
7. पंजीयन शुल्क की राशि कृषि उपज मण्डी समिति आमनदुला, जिला सक्ती के नाम से डी. डी. अथवा नगद स्वीकार्य किया जायेगा।
8. अनारक्षित सेण्ड्री शॉप में सभी आवेदक भाग ले सकेंगे तथा दुकान क्रमांक 06 से नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ किया जावेगा। जिस आवेदक का उच्चतम बोली होगी उस व्यक्ति को दुकान आबंटित हो जावेगी तो दूसरे सेण्ड्री शॉप की नीलामी में भाग नही ले सकेंगे।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति
आमनदुला, जिला-सक्ती (छ.ग.)

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
आमनदुला, जिला-सक्ती (छ.ग.)

संवाद-49100

OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No : /2026 Korba, Date 10.09.2026

Sr No	System Tender No.	Name of Work/Description of Work	Probable Amount of Contract (In Lacs)
1	199193 (1st call)	Construction of RCC Drain and CC Road at Ram Mandir Street and Munch Street at Ward No. 16 Pump House (DMF Fund)	12.71
2	199144 (1st call)	Construction of RCC Nala from Pump House Jhopdi Para samudayik bhawan to syphon at Ward No. 16 Pump House (DMF Fund)	21.23
3	199145 (1st call)	Construction of Cement Concrete Road Jharna To PHC Ward No. 15 (DMF Fund)	12.71
4	199146 (1st call)	Construction of RCC Drain at DDM Road Tulshi Marg Ward No. 03 Saket Nagar (DMF Fund)	10.17
5	199147 (1st call)	Construction of RCC Drain and Cement Concrete Road from Soni House to Vijay Sahu House, Kotwar House to Sukrit sahis house and Ramavtar House to Canal House at W.No. 17 Dhodhipara (DMF Fund)	21.19
6	199148 (1st call)	Construction of RCC Drain and Cement Concrete Road from Tulshinagar hanu-man temple to Chouhan Mohalla via Madarsha at Ward No. 03 (DMF Fund)	12.71

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 10.09.2026 at 15:00 Hours (IST) onwards.

Executive Engineer
Municipal Corporation, Korba (C.G.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में उपलब्ध निम्नांकित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार गम्हरिया से प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम -काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर)
नीलाम दिनांक - 28.09.2026
नीलामी प्रारंभ - प्रात: 09:00 बजे से

प्रजाति	नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा						मिश्रित जलाऊ चट्टा,
	नया लाट		पुराना लाट		योग		
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली + डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली + डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली + डेंगरी नग	
सागौन	9.499	156	160.892	3389	170.391	3545	पुराना
साल	0.000	0	2258.186	7806	2258.186	7806	27
बीजा, शीशम, खम्हार	0.000	0	26.023	733	26.023	733	नया
अन्य प्रजाति	0.000	0	75.042	7097	75.042	7097	0
चिरान काष्ठ	0.000	0	3.557	279	3.557	279	
योग	9.499	156	2523.700	19304	2523.700	19304	27

उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है।

टीप :-
01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लाट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।
04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी,
जशपुर वनमण्डल, जशपुर

जी-262703350/3

'स्पैम' पर अंकुश लगाने ट्राई ने नियम किए कड़े, एआई से पहचान

खबर संक्षेप

सोना 1,600 रुपए मजबूत चांदी 5,000 रुपए चमकी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति की चिंताएं कम होने और हाल की बिकवाली के बाद निवेशकों के सराफा बाजार में लौटने से सोने के दाम चढ़े।

आरबीआई ने नीलामी से 2.23 लाख करोड़ की नकदी जुटाई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने परिवर्तनीय दर वाली रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली से शुक्रवार को 2.23 लाख करोड़ रुपये की नकदी जुटाई। आरबीआई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय बैंक को 2.25 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 2,22,629 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं।

लेलैंड का वाहनों को खरीदने केरल ग्रामीण बैंक से करार

Kerala Gramin Bank

मुंबई। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने वाणिज्यिक वाहन खरीदारों को ऋण देने के लिए केरल ग्रामीण बैंक के साथ साझेदारी की है। अशोक लेलैंड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य ग्राहकों की सुविधा बढ़ाना है। इसके तहत उनकी जरूरत और पसंद के अनुरूप आसानी से चुकाए जा सकने वाले वाहन ऋण की सुविधा दी जाएगी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को नियम कड़े कर दिए। संशोधित नियमों में संदिग्ध स्पैम का पता लगाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित पहचान व्यवस्था को शामिल किया गया है और उपभोक्ताओं के लिए अपील की व्यवस्था भी शुरू की गई है। नए नियमों के तहत दूरसंचार सेवा प्रदाता स्पैम के लिए इस्तेमाल किए जाने की आशंका वाले नंबरों की पहचान करेंगे और यह जानकारी आपस में साझा करेंगे। स्पैम ऐसे अनचाहे संदेश या कॉल होते हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को बिना उनकी मांग या सहमति के भेजे जाते हैं।

- कृत्रिम आवाज वाली कॉल भी इसके दायरे में आएंगी

बार-बार उल्लघंन होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा

140, 1600, 1601 नंबर के कॉल नहीं होंगे ब्लाक

इसके अलावा, संदेश भेजने के लिए स्वीकृत प्रेषक-पहचान (हेडर) या पहले से तय संदेश प्रारूप के गलत या अनधिकृत इस्तेमाल को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को भी मजबूत किया गया है। नियामक ने कहा कि कॉल-प्रबंधन ऐप को 140एक्सएक्स, 1600एक्सएक्स और 1601एक्सएक्स श्रृंखला के नंबरों से आने वाली कॉल को सामूहिक रूप से ब्लॉक, फिल्टर या स्पैम के रूप में चिह्नित करने की अनुमति नहीं होगी।

बिना घोषणा की कॉल यूसीसी माना जाएगा : ए2पी कॉल करने वाली संस्थाओं को अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता को पहले से इसकी जानकारी और इस्तेमाल किए जाने वाले नंबर बताने होंगे। बिना घोषणा की गई ऐसी कॉल को यूसीसी माना जाएगा। ए2पी कॉल पर प्रति मिनट पांच पैसे तक टर्मिनेशन शुल्क भी लगाया गया है। यह शुल्क एक दूरसंचार नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर कॉल समाप्त होने पर संबंधित नेटवर्क को देना पड़ता है।

ट्राई करेगी यह कार्रवाई

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि किसी प्रेषक से जुड़े पांच या अधिक नंबर 10 दिन के भीतर चिह्नित होने पर आगे जांच और चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसमें केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) का दोबारा सत्यापन, भौतिक सत्यापन, आउटगोइंग सेवाओं पर रोक और बार-बार उल्लंघन होने पर कनेक्शन काटना शामिल है।

ए2पी कॉल को किया गया परिभाषित

नियामक ने एप्लिकेशन-टू-पर्सन (ए2पी) कॉल को भी परिभाषित किया है। इसमें किसी ऐप, सॉफ्टवेयर प्रणाली या स्वचालित मंच से बिना किसी व्यक्ति द्वारा सीधे नंबर डायल किए जाने वाली कॉल शामिल हैं। ऑटो-डायल, रोबोकॉल और पहले से रिकॉर्ड की गई या कृत्रिम आवाज वाली कॉल भी इसके दायरे में आएंगी।

ए2पी कॉल शुल्क से मुक्त होगी

हालांकि, प्राधिकरण द्वारा विनियमित वाणिज्यिक कॉल के लिए निर्धारित किसी भी नंबर श्रृंखला से की गई ए2पी कॉल और प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कॉल को इस शुल्क से छूट दी गई है। ट्राई ने कहा कि इन संशोधनों से शिकायत के आधार पर भी कार्रवाई मजबूत होगी।

वर्ष 2026-27 के लिए अनुमान छह प्रतिशत था

मूडीज ने भारत का जीडीपी वृद्धि अनुमान 7% किया, महंगाई को लेकर किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान छह प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक झटकों के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है।

हालांकि, उसने साथ ही तेल की ऊंची कीमतों और अल नीनो के असर से महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर आगाह किया। भारत की 'बीएए3' रेटिंग की समय-समय पर की जाने वाली समीक्षा के बाद जारी बयान में मूडीज ने कहा कि कर्ज में कमी की गति धीमी बनी रहने और कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर रहने का अनुमान है। इसकी वजह भारत पर कर्ज का अधिक बोझ और ब्याज लागत का ऊंचा स्तर है।

सेवा क्षेत्र का मजबूत योगदान

मूडीज ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि सालाना आधार पर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई, जो समूचे कैलेंडर वर्ष 2025 की 7.3 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। इसमें निजी खपत में मजबूती, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च से सकल स्थिर पूंजी निर्माण में मजबूत वृद्धि और निजी क्षेत्र के निवेश में संभावित सुधार के साथ सेवा क्षेत्र की लगातार मजबूती का योगदान रहा।

अल नीनो से खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है

यह वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज 2.4 प्रतिशत से पहले ही काफी अधिक है। वहीं, अल नीनो से जुड़ी बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे निजी खपत और आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने कहा कि कच्चे तेल के आयात स्रोतों में भारत का बढ़ा हुआ विविधीकरण, विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर और मजबूत घरेलू मांग महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है

हालांकि, ऊर्जा एवं उर्वरक आयात की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और पश्चिम एशिया से कम प्रेषण से चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है तथा व्यापक स्तर पर वृद्धि की गति प्रभावित हो सकती है। इस महीने की शुरुआत में जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी जेसीआर ने भारत की रेटिंग को बढ़ाकर 'A-' कर दिया था।

- खाड़ी युद्ध के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई
- तेल की ऊंची कीमतों व अल नीनो से महंगाई बढ़ने का खतरा
- कर्ज में कमी की गति धीमी, कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर

जेसीआर ने 35 साल बाद बढ़ाई थी रेटिंग

मजबूत आर्थिक वृद्धि और मजबूत वित्तीय प्रणाली का हवाला देते हुए जेसीआर ने 35 साल के अंतराल के बाद यह उपलब्धि हासिल हुई थी। 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो आरबीआई के सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के अनुमान से अधिक है।

ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई भड़का सकती है

मूडीज ने कहा कि भारत के अन्य सभी जी20 देशों के साथ-साथ समान रेटिंग वाले उभरते बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन उसने जोखिमों को लेकर भी आगाह किया। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भविष्य में यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होता है तो ऊर्जा की ऊंची कीमतें वित्त वर्ष 2026-27 में सालाना औसत महंगाई को हमारे 4.8 प्रतिशत के अनुमान से ऊपर ले जा सकती हैं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था ने दिखाई मजबूती

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न हुए वैश्विक झटके के प्रति अर्थव्यवस्था की दिखाई गई मजबूती के कारण हमने वित्त वर्ष 2026-27 (मार्च 2027 को समाप्त होने वाला वर्ष) में वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान पहले के छह प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

सोनालीका ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की

नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अगस्त की अपनी अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2027 में अपनी ज़बरदस्त रफ़्तार बनाए रखी है। यह उपलब्धि उद्योग की वृद्धि के मुकाबले शानदार 1.9X वृद्धि से प्रेरित है, जो दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर बाज़ार भारत में प्रमुख कंपनियों के बीच सोनालीका की मज़बूत स्थिति को भी दर्शाता है।

अपनी शानदार 30वें साल में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ते हुए, कंपनी ने होशियारपुर, पंजाब स्थित में अपने दुनिया के नंबर 1 ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में अब तक की सर्वाधिक मासिक उत्पादन 18,067 ट्रैक्टर भी दर्ज किया है। इससे आने वाले त्योहारों में किसानों की मांग को पूरा करने की उसकी तैयारी और मज़बूत हो गई है। ये दोनों उपलब्धियां सोनालीका के इंटीग्रेटेड बिज़नेस इकोसिस्टम की मज़बूती को दिखाती हैं, जहाँ मैन्युफैक्चरिंग की ताकत, प्रोडक्ट की मज़बूती और बाज़ार में तेज़ी से काम करने की क्षमता बेहतरीन तालमेल के साथ काम कर रही हैं।

सोनालीका अपनी नई ''गोल्ड सीरीज़'' जैसे दमदार ट्रैक्टरों के साथ अपने किसानों को काम में तेज़ी और सटीकता देने की क्षमता को लगातार बेहतर बना रही है। कंपनी की वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं उसे क्वालिटी पर बेहतर कंट्रोल देती हैं

और टेक्नोलॉजी से लैस अनुकूलित ट्रैक्टर बनाने में मदद करती हैं, जिससे वह बाज़ार की खास ज़रूरतों को पूरा कर पाती है। त्योहारों के मौसम में किसानों की मांग बढ़ने की उम्मीद है, ऐसे में सोनालीका इस अहम समय में पूरी तरह मज़बूत डीलरशिप नेटवर्क के साथ आगे बढ़ रही है ताकि क्षेत्रीय ज़रूरतों के अनुसार किसानों की खेती में खुशहाली लाई जा सके। कंपनी ने अपना सबसे बड़ा सालाना त्योहारी ऑफ़र ''हैवी ड्यूटी दमदार धमाका'' पहले ही लॉन्च कर दिया है, जो किसानों के लिए अपने दमदार फ़ार्म पार्टनर को घर लाने के शानदार मौका लेकर आया है।

प्रदर्शन पर अपने विचार रखते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ''हम अगस्त में अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री करके बहुत उत्साहित हैं, जिससे हमने उद्योग की वृद्धि को शानदार 1.9X वृद्धि से पीछे छोड़ दिया है। साथ ही, हमने 18,067 ट्रैक्टरों के उत्पादन का अब तक का सबसे बड़ा मासिक रिकॉर्ड भी बनाया है, जो हमारी पूरी वैल्यू चेन में बने मज़बूत तालमेल को दर्शाता है।

टाटा मोटर्स एक अक्टूबर से वाहनों की कीमत बढ़ाएगी...

मुंबई। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स एक अक्टूबर से अपने वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि यह मूल्य वृद्धि जिंस और अन्य कच्चे माल की लागत में हुई बढ़ोतरी की भरपाई के लिए की जा रही है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि अलग-अलग वाहन मॉडल और उनके संस्करणों के आधार पर अलग-अलग होगी।

ए-वन स्टील्स ने तय किया शेयर मूल्य का दायरा

नई दिल्ली। ए-वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को अपने 405 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 385 से 405 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। एकीकृत इस्पात विनिर्माता कंपनी प्राथमिक बाजार से पूंजी जुटाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 24 सितंबर को बोली के लिए खुलेगा और 28 सितंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशकों के लिए बोली 23 सितंबर को होगी। इस आईपीओ में 355 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

एनएसई के आईपीओ को बोली के दूसरे दिन पूरी बोली मिली

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के 22,569 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को बोली के दूसरे दिन पूरी बोली मिल गयी। पा त्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) और गैर-संस्थागत निवेशकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। बीएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दोपहर दो बजकर 56 मिनट तक एनएसई के आईपीओ में पेश किए गए 8,86,42,911 शेयरों के मुकाबले 8,88,23,000 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्से को 1.32 गुना बोलियां मिलीं , जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 1.37 गुना अभिदान मिला। खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा को 66 प्रतिशत बोलियां मिली।

शेयर बाजार में मिला-जुला रुख; निफ्टी 76 अंक चढ़ा, सेंसेक्स टूटा

- सेंसेक्स में 19 .63 अंक की गिरावट दर्ज की गई
- आईटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद आईटी कंपनियों और टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 19.63 अंक की गिरावट के साथ 74,294.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 413.85 अंक बढ़कर 74,728.44 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान हासिल बढ़त को समापन नीलामी सत्र (सीएएस) में गंवा दिया। वहीं निफ्टी 75.80 अंक चढ़कर 23,346.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर 4.33 प्रतिशत, टाइटन का 2.11 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का दो प्रतिशत, मारुति का 1.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.82 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.73 प्रतिशत टूटा।

टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में गिरावट

टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों के शेयर शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इससे एक दिन पहले इनमें बढ़त दर्ज की गई थी। टाटा समूह के निदेशक मंडल में जारी विवाद के बीच टाटा केमिकल्स के शेयर 11 प्रतिशत से अधिक टूट गए। यह विवाद टाटा संस के निदेशक मंडल द्वारा कार्यकारी चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को एक और कार्यकाल देने की मंजूरी के बाद और बढ़ गया है। बीएसई में टाटा केमिकल्स का शेयर 11.14 प्रतिशत टूटा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-162-26-27, दिनांकः 09.09.2026.
कार्यः बिलासपुर मण्डलः टीएसआर (पी) – 20.294 टीकेएम (चाम्पा – गेवरा रोड सेक्शन), टीएसआर (पी) – 31.677 टीकेएम (बिलासपुर – अनुपपुर सेक्शन), टीएसआर (पी) – 23.428 टीकेएम (अनूपपुर–कटनी सेक्शन) एवं टीएसआर (पी)– 9.511 टीकेएम (अनूपपुर–अंबिकापुर सेक्शन), कुल 84.91 टीकेएम को ठेकेदार का PQRS पोर्टल द्वारा कार्य। **निविदा मूल्यः ₹ 26,12,92,219/-. अमानत राशिः ₹ 52,25,900/-. कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 22.09.2026 से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 06.10.2026 के 11.00** बजे तक।
उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/पीएच/399 बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

AFFIDAVIT

I, Swadhin Rai Father - Panchanan Rai, aged about 47 years, caste Sonar, resident of Sariya, Nagar Panchayat Sariya, Tehsil Sariya, District- Sarangarh-Bilaigarh, Chhattisgarh, am a resident of Chhattisgarh and solemnly affirm the following statements:
1. That my name in my Aadhaar Card is Swadhin Rai, and my name in my PAN Card is also Swadhin Rai. My name in my Voter Card is Swadhin Rai. 2. That in the above-mentioned records my name is Swadhin Rai, whereas in my passport it is Swadhin Karmakar. Both refer to one and the same person. Swadhin Karmakar thumb has become damaged. Passport (Republic of India) No. E3781718. 3. That I submit this affidavit before the concerned authority for issuance of the same in my name as Swadhin Rai.

DEPONENT-Swadhin Rai

VERIFICATION

I hereby verify that the information given above in paragraphs 1 to 3 is true and correct to the my personal knowledge. If found false, I shall be responsible.

VERIFIER-Swadhin Rai
Place-Sariya
Date 18 .09 .2026

शपथ पत्र

मैं स्वाधीन राय आ. पंचानन राय उम्र लगभग 47 वर्ष जाति सोनार निवासी सरिया थाना सरिया तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ का निवासी हूं। जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं।
1. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम स्वाधीन राय है। तथा मेरे पेन कार्ड में भी स्वाधीन राय है। तथा वोटर कार्ड में स्वाधीन राय है।
2. यह की मेरे ऊपर वर्णित में मेरा नाम स्वाधीन राय ही है पासपोर्ट में स्वाधीन कर्मकार है। दोनों एक ही है। स्वाधीन कर्मकार टंकण त्रुटिवश हो गया है। पासपोर्ट (भारत गणराज्य) क्रमांक E 3781718 है।
